रविवार, 1 मार्च 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 22 – 33 |
| आर्द्रता | 79% |
| सूर्योदय: 05:59 | सूर्यास्त: 17:40 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच

कोलकाता, फाल्गुन शुक्लपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : पाने से अधिक कठिन होता है, उसे संभालकर रखना।



भारत-वेस्टइंडीज मुकाबला आज, जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में करेगी प्रवेश पृष्ठ 8




# ईरान पर इसराइल-अमेरिका का बड़ा हमला

## ट्रंप ने ईरान की जनता से शासन संभालने को कहा



- पेंटागन ने ईरान पर हमले को 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' नाम दिया
- ईरान में हमलों से 201 लोगों की मौत
- ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में इजराइल और अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया

**दुबई :** अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान पर बड़ा हमला शुरू किया, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी जनता से ''अपने भाग्य की बागडोर अपने हाथ में लेने'' और 1979 से देश पर शासन कर रहे इस्लामी नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह करने का आह्वान किया। ईरान के सरकारी मीडिया ने शनिवार शाम को 'रेड क्रिसेंट' के हवाले से बताया कि कम से कम 201 लोग मारे गए हैं और 700 से अधिक घायल हुए हैं। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में इजराइल और अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइलें और ड्रोन दागे तथा हमले रातभर जारी रहे। ऐसा प्रतीत होता है कि पहला हमला ईरान सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के कार्यालयों के आसपास के इलाकों में हुआ और ईरानी मीडिया ने देशभर में हमलों की खबरें दी तथा राजधानी तेहरान से धुएं का गुबार उठता दिखायी दिया। ट्रंप ने ''बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान'' शुरू होने की घोषणा करते हुए एक वीडियो के माध्यम से कहा, ''जब हम अपना काम पूरा कर लेंगे, तो अपनी सरकार पर कब्ज़ा कर लेना। वह आपकी होगी जिसकी बागडोर आप अपने हाथ में ले सकोगे। संभवतः आने वाली कई पीढ़ियों में यह आपके पास एकमात्र मौका होगा। कई वर्षों से आप अमेरिका से मदद मांगते रहे हैं, लेकिन आपको कभी मदद नहीं मिली।'' ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने एनबीसी न्यूज से कहा कि ''जहां तक मुझे पता है'', खामेनेई और राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान जीवित हैं और उन्होंने इस हमले को ''अकारण, अवैध और पूरी तरह से अनुचित'' बताया। हमलों की शुरुआत के लगभग 12 घंटे बाद, अमेरिकी सेना ने कहा कि ''सैकड़ों ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमलों'' के बावजूद अमेरिकी ठिकानों पर कोई अमेरिकी हताहत नहीं हुआ और मामूली नुकसान हुआ। उसने कहा कि ईरान में 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' कमान की सुविधाओं, वायु रक्षा क्षमताओं, मिसाइल और ड्रोन प्रक्षेपण स्थलों और सैन्य हवाई अड्डों को निशाना बनाया गया। इन हमलों ने ईरान में अमेरिकी हस्तक्षेप के एक चौंकाने वाले नए अध्याय की शुरुआत कर दी और यह आठ महीनों के भीतर दूसरी बार है जब ट्रंप प्रशासन ने इस्लामी गणराज्य के खिलाफ सैन्य बल का इस्तेमाल किया है।

### हमारे हमलों से ईरानियों को अपना भाग्य अपने हाथों में लेने का मौका मिलेगा : नेतन्याहू

यरुशलम : इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार सुबह एक संदेश में कहा कि ईरान पर किए गए हमलों से ईरानियों को ''अपना भाग्य अपने हाथों में लेने'' का मौका मिलेगा। नेतन्याहू ने कहा कि मौजूदा अभियान जून में ईरान के खिलाफ इजराइल द्वारा शुरू किए गए 12-दिवसीय भीषण युद्ध की तुलना में ''कहीं अधिक शक्तिशाली'' होगा। उन्होंने रिकॉर्ड किए गए संदेश में हिब्रू भाषा में बात की। उन्होंने कहा, ''इजराइल के मेरे भाइयो और बहनो, नागरिको। कुछ समय पहले, इजराइल और अमेरिका ने संयुक्त रूप से एक अभियान 'ऑपरेशन लायंस रोर' शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य ईरान में अयातुल्ला शासन से उत्पन्न खतरे को समाप्त करना है।''

### यूरोपीय नेताओं का अमेरिका-ईरान वार्ता फिर से शुरू करने का आह्वान

**ब्रुसेल्स :** ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने अमेरिका-ईरान वार्ता फिर से शुरू करने का आह्वान किया और क्षेत्र के देशों पर ईरानी हमलों की निंदा की। इन देशों ने शनिवार को ईरान पर हुए अमेरिकी और इजराइली हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने शनिवार को एक बयान जारी करके कहा कि उनके देशों ने ईरान पर हुए हमलों में हिस्सा नहीं लिया, लेकिन वे अमेरिका, इजराइल और क्षेत्र के अन्य साझेदारों के साथ घनिष्ठ संपर्क में हैं।




### कोलकाता से पश्चिम एशिया जाने वाली चार उड़ानें रद्द

कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा से शनिवार को मध्य-पूर्व जाने वाली चार उड़ानें रद्द कर दी गईं। अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र में सुरक्षा हालात बिगड़ने और ट्रांजिट हब पर संचालन प्रभावित होने के कारण यह फैसला लिया गया। रद्द की गई उड़ानों में एमिरेट्स की इके 573 (दुबई), कतर एयरवेज की क्यूआर 541 (दोहा), एयर अरेबिया की 3एल 167 (अबू धाबी) और एतिहाद एयरवेज की इवाई 221 (अबू धाबी) शामिल हैं। सुबह की एमिरेट्स उड़ान समय पर रवाना हुई, लेकिन शाम की उड़ानें सुरक्षा कारणों से रद्द कर दी गईं। बताया गया है कि दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने क्षेत्रीय अशांति के चलते अस्थायी रूप से परिचालन रोक दिया है। यात्रियों को अपनी-अपनी एयरलाइंस से संपर्क कर टिकट रद्द या दोबारा बुक कराने की सलाह दी गई है।

### दक्षिण ईरान में बालिका विद्यालय पर हमले में मृतकों की संख्या बढ़कर 40 हुई : सरकारी मीडिया

**दुबई :** दक्षिणी ईरान में एक बालिका विद्यालय पर इजराइल-अमेरिका के हवाई हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 40 हो गई है। सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईरान के होर्मोज़गान प्रांत के मीनाब शहर में हुए हमले में कम से कम 45 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। शहर में ईरान के अर्धसैनिक बल 'रिवोल्यूशनरी' गार्ड का एक अड्डा है। अमेरिका और इजराइल दोनों ने ही अभी तक इस अभियान के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है।

### भारत ने सभी पक्षों से पश्चिम एशिया में तनाव कम करने का आह्वान किया

**नयी दिल्ली :** ईरान पर अमेरिका और इजराइल द्वारा किये गए संयुक्त सैन्य हमले के बाद पश्चिम एशिया में तनावपूर्ण स्थिति के बीच भारत ने सभी पक्षों से संयम बरतने और तनाव को बढ़ने से रोकने का शनिवार को आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। क्षेत्र में तेजी से बदलती स्थिति पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में, भारत ने कहा कि वह ईरान और खाड़ी क्षेत्र के घटनाक्रम को लेकर ''गहरी चिंता'' व्यक्त करता है और तनाव कम करने और मूल मुद्दों को सुलझाने के लिए ''वार्ता और कूटनीति'' का सहारा लिया जाना चाहिए।

# बंगाल में एसआईआर में कटे 63.66 लाख नाम, 60 लाख 'विचाराधीन'

## विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर की अंतिम लेकिन अपूर्ण सूची जारी

### आयोग ने माना त्रुटियां संभव, भवानीपुर समेत दक्षिण कोलकाता में बड़ा असर, संवेदनशील जिलों में पुलिस अलर्ट

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बंगाल की राजनीति में भारी हलचल मचाते हुए चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद अंतिम लेकिन अपूर्ण मतदाता सूची शनिवार को जारी कर दी। चार नवंबर 2025 से शुरू 116 दिन लंबी एसआइआर प्रक्रिया के बाद कुल 63,66,952 नाम मतदाता सूची से हटाए जा चुके हैं, जबकि 60,06,375 नाम अब भी 'विचाराधीन' श्रेणी में हैं। इन मामलों पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार न्यायिक अधिकारी अंतिम फैसला करेंगे, जिससे आने वाले दिनों में आंकड़ों में और बदलाव संभव है।

एसआईआर की घोषणा 27 अक्टूबर 2025 को हुई थी। उस समय राज्य में कुल 7,66,37,529 मतदाता दर्ज थे। 16 दिसंबर को जारी ड्राफ्ट सूची में 58,20,899 नाम हटाए जाने के बाद मतदाताओं की संख्या घटकर 7,08,16,630 रह गई थी। ड्राफ्ट के बाद हुई सुनवाई और अतिरिक्त जांच में 5,46,053 और नाम हटाए गए हैं। शनिवार को 7,04,59,284 वोटरों की सूची जारी हुई है। इस तरह कुल विलोपन 63.66 लाख तक पहुंच गया। आयोग के अनुसार मृत्यु, पलायन, डुप्लीकेशन, पता न चलना और दस्तावेजी त्रुटियां इसके प्रमुख कारण रहे।

#### फार्म-7 के तहत ड्राफ्ट रोल के बाद हटे 5,46,053 नाम

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल और अतिरिक्त सीईओ अरिंदम नंदी ने बताया कि अंतिम सूची में कुल योग्य मतदाताओं की संख्या 7,08,16,630 है। इनमें 3,61,99,391 पुरुष,



3,46,15,837 महिला और 1,402 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। फार्म-7 के तहत 5,46,053 नाम हटाए गए, जबकि फार्म-6 और 6ए के जरिए 1,82,036 नए मतदाता जोड़े गए हैं। फार्म-8 के तहत 19,88,076 मतदाताओं ने स्थानांतरण कराया है।

ड्राफ्ट सूची के 7.08 करोड़ मतदाताओं में से 1.42 करोड़ को सुनवाई के लिए बुलाया गया था। इनमें 31.68 लाख 'नो-मैपिंग' और करीब 1.20 करोड़ 'लाजिकल डिस्क्रिपेंसी' श्रेणी के थे। 82 लाख मामलों में अधिकारियों की रिपोर्ट से सहमति बनी और लगभग आठ लाख नाम अयोग्य पाए गए। शेष 60,06,375 मामलों पर अब न्यायिक अधिकारियों का अंतिम निर्णय होना है। आयोग ने यह भी स्वीकार किया है कि प्रक्रिया के दौरान कुछ त्रुटियां सामने आईं और समीक्षा जारी है। पूरक सूचियां चरणबद्ध तरीके से जारी की जाएंगी।

#### 60 लाख मामलों में न्यायिक अधिकारी कर रहे हैं जांच

ड्राफ्ट सूची में शामिल 7.08 करोड़ मतदाताओं में से लगभग 1 करोड़ 42 लाख को सुनवाई के लिए बुलाया गया था। इनमें 31.68 लाख 'नो-मैपिंग श्रेणी के थे, जो 2002 के अंतिम एसआईआर से अपना लिंक स्थापित नहीं कर सके।' शेष करीब 1.20 करोड़ मतदाताओं को 'लाजिकल डिस्क्रिपेंसी यानी सूचनात्मक असंगति के आधार पर चिन्हित किया गया।' सुनवाई के बाद 82 लाख मामलों में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों की रिपोर्ट से सहमति जताई गई और उनमें से लगभग आठ लाख नाम अयोग्य पाकर हटा दिए गए। शेष 60.06 लाख मामलों पर आयोग और अधिकारियों के बीच मतभेद के बाद सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर न्यायिक अधिकारियों को अंतिम निर्णय की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिलावार आंकड़े भी बड़े पैमाने पर बदलाव की पुष्टि करते हैं। नदिया में 2.73 लाख, हुगली में 3.34 लाख, अलीपुरद्वार में 1.02 लाख और बांकुड़ा में करीब 1.18 लाख नाम हटे हैं। उत्तर कोलकाता के सात विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 4 लाख नाम सूची से बाहर हुए हैं।

आयोग का दावा है कि 2002 के बाद यह पहला व्यापक राज्यव्यापी शुद्धिकरण है और इसका उद्देश्य 'त्रुटिरहित व शुद्ध मतदाता सूची सुनिश्चित करना है।'

# कोलकाता में 'पिंक बूथ' और मोबाइल गश्ती दल के जरिए मजबूत होगी महिला सुरक्षा : ममता

**महिला संचालित 'पिंक बूथ' शाम से आधी रात तक खुले रहेंगे**


**'शाइनिंग' महिला मोबाइल गश्ती दल रात में सड़कों पर करेगा गश्त**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और आत्मविश्वास को मजबूत करने के मकसद से शुरू की गई दो नयी पहलों की शनिवार को घोषणा की। ममता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि शहर के प्रमुख चौराहों पर पूरी तरह से महिलाओं द्वारा संचालित कई 'पिंक बूथ' स्थापित किए जाएंगे और ये शाम से लेकर आधी रात तक खुले रहेंगे। उन्होंने कहा कि शहर में रहने वाली मेरी बहनें किसी भी प्रकार की सहायता के लिए इन बूथ में सीधे केपी (कोलकाता पुलिस) की महिला अधिकारियों से संपर्क कर सकेंगी। मुख्यमंत्री ने 'शाइनिंग' नाम से गठित महिला मोबाइल पेट्रोलिंग टीम की तैनाती की भी घोषणा की। उन्होंने लिखा कि कई 'शाइनिंग' (जैसा कि मैंने उन्हें नाम दिया है) पूरी तरह से महिला मोबाइल गश्ती दल भी रात आठ बजे से रात दो बजे तक ड्यूटी पर रहेंगे, जो ईएम बाईपास और शहर की ऐसी अन्य प्रमुख सड़कों पर गश्त करेंगी, जिनका उपयोग मेरी कामकाजी बहनें रात के समय करती हैं। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कोलकाता वर्षों से देश का सबसे सुरक्षित शहर बना हुआ है और विश्वास व्यक्त किया कि ये दो नयी पहलें महानगर में महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करने में बहुत मददगार साबित होंगी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की



**जयपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'सर्वाइकल कैंसर' के विरुद्ध राष्ट्रीय 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) टीकाकरण अभियान की शुरुआत शनिवार को राजस्थान के अजमेर से की। उन्होंने इस अभियान को देश की नारीशक्ति को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम करार दिया। इसके साथ ही मोदी ने राजस्थान के लिए 16,686 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले कार्यों एवं परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री ने कायड़ विश्रामस्थली में बने टीकाकरण स्थल से राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की। उन्होंने नौ से 14 वर्ष की पांच बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाए जाने के बाद उनसे संवाद भी किया। बाद में जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ''आज वीरांगनाओं की इस धरती से मुझे देशभर की बेटियों के लिए एक अहम अभियान शुरू करने का अवसर मिला है। अजमेर से एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू हुआ है। ये अभियान देश की नारीशक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम है।''






## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 1 मार्च, रविवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन शुक्लपक्ष त्रयोदशी, 19:12 तक, नक्षत्र : पुष्य, 08:32 तक, योग : शोभना, 14:33 तक, सूर्योदय: 05:59, सूर्यास्त: 17:36, चन्द्रोदय : 15:40, चन्द्रास्त: 04:23, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 16:09 से 17:36

## साप्ताहिक : राशिफल 01-03-26 से 07-03-26



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** मेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। अपनी सेहत और स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखें। खान-पान के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। आर्थिक स्थिति मिलीजुली रहेगी। आपके खर्चे बढ़े रहेंगे, लेकिन इनकम में भी बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपको इस सप्ताह बिजनेस में आपको उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। पार्टनर संग व्यापार में लाभ मिल सकता है। नौकरी वाले जातकों के प्रमोशन के चांस बन रहे हैं। प्रेम संबंधों के लिए समय कुछ तनाव वाला रहेगा।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** इस राशि के जातकों के लिए आने वाला सप्ताह ठीक रहेगा। आपकी सेहत और स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। इस वजह से परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। नियमित व्यायाम करें और अपना रूटीन चेकअप करवाएं। आर्थिक स्थिति सप्ताह की शुरुआत में थोड़ी खराब रह सकती है, परंतु किए गए निवेश से लाभ होगा। नौकरीपेशा वालों को अधिकारियों से तारीफ सुनने को मिल सकती है। बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए मेहनत करनी होगी, तभी मनचाहे परिणाम मिलेंगे।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह कुछ परेशानी वाला हो सकता है। सेहत के लिए समय कुछ दिक्कत देने वाला रहेगा। स्वास्थ्य को अच्छा रखने के लिए मेहनत करनी होगी। अपनी आमदनी और खर्चों में तालमेल बनाकर चलें तो अच्छा रहेगा। व्यापारी अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए भरपूर प्रयास करेंगे। नौकरीपेशा वाले जातक तरक्की प्राप्त कर सकते हैं। परिवार के सदस्यों से आपकी किसी बात पर बहस हो सकती है। जीवनसाथी के साथ वैवाहिक संबंधों में रिश्तो में कड़वाहट को दूर करेंगे।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** आने वाला नया सप्ताह कर्क राशि के लिए सही रहेगा। स्वास्थ्य कुछ कमजोर रह सकता है। अपनी डेली रूटीन में बदलाव की कोशिश करें। खानपान पर नियंत्रण बरतें। आर्थिक स्थिति के हिसाब से भी यह सप्ताह अच्छा रहेगा। आपके पास धन की कमी नहीं रहेगी। व्यापारियों की बिजनेस पार्टनर संग ट्यूनिंग थोड़ी कमजोर रहेगी, जिसका असर बिजनेस पर पड़ सकता है। नौकरी वाले जातकों का ऑफिस में रुतबा बना रहेगा। प्रेम संबंध अच्छे रहेंगे। प्रेमी साथी संग रोमांटिक समय बिताएंगे।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** सिंह राशि के जातकों के लिए यह नया सप्ताह अच्छा रहेगा। आपकी सेहत और स्वास्थ्य दोनों उत्तम रहेंगे, परंतु मौसम के बदलाव के कारण थोड़ी परेशानी हो सकती है। आर्थिक स्थिति भी ठीक-ठाक रहेगी। किसी भी प्रकार के जोखिम से बचने का प्रयास करें। आपके बिजनेस में आपकी काबिलियत साफ नजर आएगी। नौकरीपेशा वाले जातकों का मन कामकाज में लगा रहेगा। आप अपने प्रेमी साथी संग रिलेशनशिप को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। आपके वैवाहिक संबंधों में भी गर्माहट बनी रहेगा।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा। गलत खानपान के चलते आपकी सेहत बिगड़ सकती है। ब्लड प्रेशर का भी ध्यान रखना होगा। आपकी आर्थिक स्थिति इस सप्ताह सामान्य रहेगी। पुराने किए गए निवेश से लाभ होगा। व्यापारी बिजनेस को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे और कामयाबी भी मिलेगी। सरकारी नौकरी वाले जातकों को सरकार से बड़ा लाभ मिल सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहना होगा। आप अपने रिश्ते को समय देने का प्रयास करें।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** इस राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा। आपको सेहत को लेकर ध्यान देना होगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। व्यापारियों के लिए समय अच्छा रहेगा। आप अपना व्यापार को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। नौकरी वाले जातकों के लिए समय ठीक रहेगा। प्रेम संबंध अच्छे बने रहेंगे। आप अपने साथी से दिल की बात कह सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में कुछ तनाव दिख रहा है। जीवनसाथी से मनमुटाव हो सकता है। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा बना रहेगा। आप कंपटीशन में भाग लेना चाहते हैं तो आपको सफलता मिल सकती है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा दिखाई दे रहा है। आपकी सेहत मौसम के बदलाव के कारण बिगड़ सकती है। खांसी-जुकाम, बुखार परेशान बढ़ा सकते हैं। व्यर्थ के कार्यों में धन खर्च ना करें। नौकरी वाले जातक ऑफिस में बहुत अधिक सोच समझकर कार्य करें। प्रेम संबंधो को लेकर सावधान रहने की आवश्यकता है। आपके साथी की कोई बात आपको बुरी लग सकती है। वैवाहिक संबंध अच्छे बने रहेंगे। जीवनसाथी की तरफ से कोई गिफ्ट मिल सकता है। विद्यार्थियों के लिए समय बढ़िया है। पढ़ाई-लिखाई पर विशेष ध्यान देंगे और कंप्टीशन में भी सफलता प्राप्त कर सकते हैं।




**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** आने वाला नया सप्ताह धनु राशि की जातकों के लिए ठीक रहेगा। संतुलित खानपान से स्वास्थ्य संभला रहेगा। मेडिटेशन और योगासन का सहारा लें। इस हफ्ते आपकी इनकम अधिक रहेगी, परंतु अधिक खर्चे परेशान करेंगे। व्यापारियों के लिए सबसे समय अच्छा है। कोई बड़ा प्रोजेक्ट हाथ लग सकता है। नौकरी वाले जातको के लिए भी समय अच्छा रहेगा। आपको कार्य क्षेत्र में उन्नति मिल सकती है। प्रेम संबंधों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। आपका झुकाव अपने प्रेमी साथी की ओर अधिक रहेगा।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा। अपनी सेहत का ध्यान रखें और मॉर्निंग वॉक करें। नियमित व्यायाम भी आपके लिए लाभदायक है। आर्थिक स्थिति को लेकर आप बहुत अधिक संतुष्ट रहेंगे। आपको बहुत बड़ा बेनिफिट मिल सकता है और खर्चों में कमी होगी। नौकरी वाले जातक अपनी नौकरी में बदलाव कर सकते हैं। व्यापारियों के लिए समय बहुत अधिक बढ़िया रहेगा। विद्यार्थियों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। उनका मन पढ़ाई में लगेगा। हर क्षेत्र के कंप्टीशन में सफलता प्राप्त कर सकते है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। आपकी सेहत सप्ताह की शुरुआत में ठीक रहेगी, परंतु बीच में दांत दर्द परेशान कर सकता है। रुपए- पैसे की स्थिति अच्छी बनी रहेगी। किसी प्रकार का कोई आर्थिक संकट नहीं रहेगा। आप अपने घर के लिए भी सामान खरीदने में धन खर्च कर सकते हैं। आपका व्यापार उन्नति कर सकता है। व्यापारियों को नया व्यापार खोलने में भी बहुत अधिक लाभ प्राप्त होगा। नौकरी वाले जातकों के लिए समय बढ़िया रहेगा। प्रेम संबंधों को लेकर समय थोड़ा सा परेशानी वाला रहेगा। आपका साथी के साथ किसी बात को लेकर टकराव हो सकता है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। इस सप्ताह स्वास्थ्य संबंधित किसी भी समस्या को नजरअंदाज करने से बचना होगा। इस सप्ताह धन अधिक खर्च हो सकता है। व्यापारियों का व्यापार अच्छा चलेगा। नौकरी वाले जातकों को काबिलियत के दम पर कामयाबी मिल सकती है। प्रेम संबंधों के लिए समय बढ़िया रहेगा। आपकी लव मैरिज हो सकती है। वैवाहिक संबंध भी अच्छे रहेंगे, परंतु वाणी पर नियंत्रण रखने की कोशिश करें।

# मुस्लिम लीग-माओवादी कांग्रेस बन गई है आईएनसी, देश को कर रही है बदनाम : प्रधानमंत्री मोदी

**जयपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान कांग्रेस की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं के विरोध-प्रदर्शन को लेकर शनिवार को विपक्षी दल पर तीखा हमला बोला और कहा कि कांग्रेस अब 'इंडियन नेशनल कांग्रेस' (आईएनसी) नहीं रही बल्कि एमएमसी यानी 'मुस्लिम लीग-माओवादी कांग्रेस' बन गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दुनिया भर के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की है। राजस्थान में अजमेर के कायड़ विश्राम स्थल पर एक जनसभा में मोदी ने कहा कि मुस्लिम लीग भारत से नफरत करती थी, इसलिए उसने देश को बांट दिया



और आज कांग्रेस भी वही कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस, पूरे देश में लगातार चुनाव हार रही है और गुस्से में वो इसका बदला भारत को बदनाम करके ले रही है। मोदी ने इस अवसर पर 16,600 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब पूरी दुनिया भारत की प्रशंसा करती है तो देश के लोगों को गर्व होता है लेकिन कांग्रेस वैश्विक मंचों पर देश की बेइज्जती करने की कोशिश करती है। उन्होंने हाल ही में दिल्ली में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में कांग्रेस की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं के कमीज उतारकर किये गए प्रदर्शन की ओर इशारा किया। इस आयोजन के दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता 20 फरवरी को मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीरों वाली सफेद टी-शर्ट लेकर आयोजन स्थल में घुसे। इन पर एप्स्टीन फाइल्स और पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड जैसे नारे भी लिखे हुए थे। मोदी ने इस घटना को लेकर विपक्षी दल पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अनेक देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मंत्री और वैश्विक कंपनियों के प्रमुख इस कार्यक्रम में शामिल हुए और भारत की तरक्की की प्रशंसा की। मोदी ने आरोप लगाया, जब दुनिया के इतने लोग भारत की प्रशंसा करते हैं तो हर भारतीय को गर्व होता है। लेकिन कांग्रेस ने दुनिया भर के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की।

## बलिया में दो युवकों के पास से एक करोड़ 75 लाख रुपये की नकदी बरामद

**चंदौली :** उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में पं. दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन पर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने जांच के दौरान अकाल तख्त एक्सप्रेस ट्रेन में सवार दो युवकों के पास से एक करोड़ 75 लाख रुपये की नकदी बरामद करने का दावा किया है। जीआरपी ने शनिवार को यह जानकारी दी। जीआरपी के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) कुंवर प्रभात सिंह ने बताया कि पंजाब से पश्चिम बंगाल के हावड़ा जाने वाली अकाल तख्त एक्सप्रेस ट्रेन देर रात 2:41 बजे प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची, उसमें जांच के दौरान ट्रेन के एक कोच में सीट पर दो युवक सवार मिले। सीओ के अनुसार पकड़े गए युवकों की पहचान रितेश (38) व प्रिग्नेश (40) के रूप में हुई है। दोनों लखनऊ के निवासी व एक ही परिवार के हैं। दोनों इस ट्रेन में लखनऊ से हावड़ा कोलकाता जाने



के लिए सवार हुए थे। सीओ ने बताया कि उनके हाव-भाव देख शंका होने पर उनके बैग की तलाशी ली गई तो उनमें 500-500 रुपये के नोटों की गड्डियां भरी हुईं मिलीं। पूछताछ में दोनों नकदी के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके, जिसके बाद उन्हें थाने लाकर पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने बताया कि उनका हीरे-जवाहरात का कारोबार है और यह पैसा उनका ही है।

## झारखंड: शादी में 13 वर्षीय लड़की से सामूहिक बलात्कार, पांच पकड़े

**लातेहार :** झारखंड के लातेहार जिले में एक शादी समारोह में 13 वर्षीय लड़की के साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को महुआडंड पुलिस थाना क्षेत्र में हुई घटना के संबंध में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया और तीन नाबालिगों को हिरासत में लिया गया। उन्होंने बताया कि संदिग्ध लड़की को जबरन एक सुनसान जगह पर ले गए और उसके साथ बलात्कार किया। महुआडंड पुलिस थाना के प्रभारी अधिकारी मनोज कुमार ने कहा, पीड़िता की मां के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद पीड़िता की चिकित्सा जांच कराई गई है। उन्होंने कहा, पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

## पश्चिम बंगाल और असम में विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही मेरी पार्टी : चिराग पासवान

**रांची :** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) पश्चिम बंगाल और असम में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। पासवान ने रांची हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि पार्टी कई राज्यों में अपने आधार का विस्तार कर रही है और उसके झारखंड एवं नगालैंड में पहले से ही विधायक हैं। उन्होंने कहा, ''हमारे सांसद राजेश वर्मा ने हाल में असम और पश्चिम बंगाल का दौरा किया था। वह आकलन करने के लिए होली के बाद फिर इन दोनों राज्यों



का दौरा करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''उनके आकलन के बाद पार्टी की संसदीय समिति दोनों राज्यों में चुनाव लड़ने पर अंतिम फैसला करेगी।'' पासवान झारखंड में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। उन्होंने आगामी राज्यसभा चुनाव को लेकर कहा, ''प्राथमिकता यह सुनिश्चित करने की है कि वास्तव में बिहार से जुड़े मुद्दे उठा सकने वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के (बिहार के) सभी पांच मजबूत उम्मीदवार राज्यसभा के लिए निर्वाचित हों। इसके लिए नाम बहुत जल्द घोषित किए जाएंगे।''

## बिहार में हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा को वादे के अनुरूप एक राज्यसभा सीट दी जानी चाहिए : मांझी

**गया जी :** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को बिहार में 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव में एक सीट दी जानी चाहिए। मांझी ने दावा किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल हम को भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले एक राज्यसभा सीट देने का वादा किया था। निर्वाचन आयोग ने हाल ही में बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए चुनाव की घोषणा की है, जिनमें से तीन सीटें सत्तारूढ़ राजग के पास हैं। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि पांच मार्च है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच अगले दिन



होगी। उम्मीदवार नौ मार्च तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। बिहार की कुल 16 राज्यसभा सीट में से पांच सीट अप्रैल में रिक्त होंगी जिनके लिए चुनाव कराए जाएंगे। ये पांच सीटें हैं: जनता दल (यूनाइटेड) के हरिवंश नारायण सिंह और राम नाथ ठाकुर, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रेम चंद गुप्ता और अमरेंद्र धारी सिंह, और राजग के घटक दल राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के उपेंद्र कुशवाहा। कुशवाहा पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं, जो भाजपा की मदद से 2025 में राज्यसभा में पहुंचे थे। राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी राजद के पास केवल 25 विधायक हैं, जो राज्यसभा में अपनी सीट बरकरार रखने के लिए अपर्याप्त हैं। वर्ष 2015 में अपनी पार्टी बनाने वाले मांझी ने शनिवार को यहां पत्रकारों से कहा, 2024 के आम चुनाव से पहले, भाजपा के शीर्ष नेताओं ने हमें लोकसभा में दो और राज्यसभा में एक सीट देने का वादा किया था। लेकिन हमें केवल एक लोकसभा सीट मिली, और हमने उसे राजग के लिए जीता।

## बक्सर जेल में विचाराधीन कैदी की मौत के बाद प्रदर्शन, जेल अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बक्सर :** बिहार की बक्सर केंद्रीय जेल में एक विचाराधीन कैदी की मौत के बाद उसके परिवार के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और साजिश का आरोप लगाया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान बक्सर जिले के विराट नगर निवासी राजेंद्र कुमार सिंह के रूप में हुई है। सिंह को शराब बेचने के आरोप में टाउन पुलिस थाने में दर्ज एक मामले के सिलसिले में 12 फरवरी को केंद्रीय जेल में रखा गया था। जेल अधीक्षक ज्ञानिता गौरव ने पत्रकारों को बताया, ''सिंह पीलिया से पीड़ित था और उसका इलाज चल रहा था। उसे सुबह 9.47 बजे दिल का दौरा पड़ा और उसे सुबह 9.51 बजे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।''

## हमारी पार्टी बिहार विधान परिषद का चुनाव लड़ेगी : तेज प्रताप

**पटना :** जनशक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी बिहार विधान परिषद की कई सीट के लिए आगामी चुनाव लड़ेगी। स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों से चुने गए विधान परिषद के चार मौजूदा सदस्यों (एमएलसी) और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से चुने गए चार सदस्यों का कार्यकाल 16 नवंबर को समाप्त हो जाएगा। यादव ने वैशाली में पत्रकारों से कहा, ''हां, हमारी पार्टी आगामी चुनाव में कुछ एमएलसी सीट पर चुनाव लड़ेगी।'' यादव को उनके पिता लालू प्रसाद ने पिछले साल 25 मई को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से




छह साल के लिए निष्कासित कर दिया था। इससे एक दिन पहले तेज प्रताप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कथित तौर पर अनुष्का नामक महिला के साथ ''रिश्ते में होने'' की बात स्वीकारी थी। बाद में उन्होंने यह पोस्ट हटा दिया था और दावा किया था कि उनका अकाउंट ''हैक'' हो गया था। लालू प्रसाद ने भी ''गैरजिम्मेदाराना व्यवहार'' का हवाला देते हुए उनसे अपना नाता तोड़ लिया था। ऐसी खबरें हैं कि चार शिक्षक और चार स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव सितंबर या अक्टूबर में हो सकते हैं क्योंकि इन सीट पर मौजूदा एमएलसी का कार्यकाल नवंबर के मध्य में समाप्त हो रहा है। स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में पटना, तिरहुत, दरभंगा और कोसी शामिल हैं। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में पटना, तिरहुत और दरभंगा शामिल हैं। चार स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं की कुल संख्या 4,84,943 है, जबकि चार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में 45,660 मतदाता पंजीकृत हैं।

## झारखंड निकाय चुनाव: रांची, मेदिनीनगर में भाजपा समर्थित उम्मीदवार जीते

**रांची :** झारखंड के 48 शहरी स्थानीय निकायों के लिए जारी मतगणना के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समर्थित रोशनी खलखो रांची नगर निगम की महापौर निर्वाचित हुईं, जबकि कांग्रेस समर्थित सुधा गुप्ता ने जमशेदपुर के मानगो नगर निगम में महापौर पद पर जीत दर्ज की। एक अधिकारी के अनुसार रोशनी खलखो ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस समर्थित रमा खलखो को 14,363 मतों से हराया। रोशनी को 1,57,669 मत मिले, जबकि रमा को 1,43,306 मत प्राप्त हुए। शनिवार को जीत के बाद रोशनी ने संवाददाताओं से कहा, मैं रांची की जनता को उनके प्यार और समर्थन



के लिए धन्यवाद देती हूं। शहर के विकास के लिए मैं कोई कसर नहीं छोड़ूंगी। उन्होंने इसे बड़ी जीत बताते हुए कहा कि चुनाव भले ही पार्टी चिह्नों पर नहीं लड़ा गया, लेकिन भाजपा नेता तथा कार्यकर्ता उनकी जीत के लिए लगातार जुटे रहे।

## राजस्थान के कोटा में सर्जरी के बाद बुजुर्ग महिला की आंखों की रोशनी वापस आई

**कोटा :** राजस्थान के कोटा में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद आंखों की रोशनी खो चुकी 67 वर्षीय महिला 'प्यूपिलोप्लास्टी' (पुतली की सर्जरी) प्रक्रिया के बाद फिर से दुनिया को देख पा रही है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 20 मिनट की यह सर्जरी बुधवार को कोटा के एक अस्पताल में की गई। उन्होंने बताया कि 'प्यूपिलोप्लास्टी' आंख की एक सूक्ष्म शल्य (माइक्रो-सर्जिकल) चिकित्सा प्रक्रिया है, जिसमें पुतली के आकार को सुधारने या उसे छोटा करने के लिए ऑपरेशन किया जाता है ताकि दोष को ठीक किया जा सके, ग्लेयर कम हो और दृष्टि में सुधार हो।

## यूपी : 15 हजार करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाले में वांछित बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा :** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की नोएडा इकाई ने 15 हजार करोड़ रुपये के बहुचर्चित जीएसटी घोटाले में वांछित 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी को हरियाणा के हिसार से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक राज कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी की पहचान हिसार निवासी बलदेव उर्फ बल्ली (38) के रूप में हुई है। उस पर गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट की ओर से 50,000 रुपये का इनाम घोषित था। वह थाना सेक्टर-20 में वर्ष 2023 में दर्ज एक मुकदमे सहित तीन मामलों में वांछित चल रहा था। उसके खिलाफ धोखाधड़ी और गैंगस्टर अधिनियम के तहत मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने



वर्ष 2012 में पंजाब विश्वविद्यालय से एमबीए किया था। पढ़ाई के बाद उसने हिसार में मेडिकल स्टोर खोला, लेकिन घाटा होने पर कारोबार बंद कर दिया। वर्ष 2014 में वह पुरानी गाड़ियों की खरीद-फरोख्त का काम करने लगा। इसी दौरान उसकी मुलाकात दिल्ली निवासी अर्चित गोयल से हुई। संपर्क बढ़ने के बाद पैसों के लालच में आकर उसने कथित रूप से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) फर्जीवाड़े के नेटवर्क में प्रवेश किया।

## विदेशी निवेश किसी परिवार के लिए नहीं, राज्य के कल्याण के लिए: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि जर्मनी, जापान और सिंगापुर सहित दुनिया के अन्य देशों से आने वाला निवेश किसी परिवार को नहीं, बल्कि राज्य को लाभ पहुंचाएगा और यहां के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगा। लखनऊ में 1.86 करोड़ उज्ज्वला लाभार्थियों को गैस सिलेंडर पुनर्भरण सब्सिडी वितरण के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने ये बातें कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कल ही जर्मनी से लौटे हैं। उन्हें राज्य में निवेश की संभावनाओं और निर्माणाधीन रक्षा विनिर्माण गलियारे का जायजा लेने का अवसर मिला। पिछली सरकारों से तुलना करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की ओर कोई तिरछी नजर से भी नहीं



देखता था, लेकिन आज दुनिया का हर बड़ा निवेशक यहां आना चाहता है। उन्होंने कहा, निवेशक जानते हैं कि वर्तमान सरकार उन्हें सुरक्षा प्रदान कर सकती है और निर्णायक फैसलों के माध्यम से उनकी समस्याओं का समाधान कर सकती है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि विदेशी निवेश से होने वाला बदलाव किसी के व्यक्तिगत परिवार को लाभ पहुंचाने के लिए नहीं है। उन्होंने कहा, जर्मनी या जापान से आने वाले निवेश से केशव के परिवार को व्यक्तिगत लाभ नहीं होगा, लेकिन हमारे राज्य को निश्चित रूप से लाभ होगा। इससे हमारे प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानजनक रोजगार मिलेगा। रोजगार के अवसरों और सुरक्षा पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी पहल और समन्वय स्थापित किया गया है जिससे प्रदेश में अधिक रोजगार सृजित होंगे और प्रतिभाशाली युवाओं को सरकारी गारंटी के साथ विदेशों में सम्मानजनक आय अर्जित करने के अवसर मिलेंगे।

## वर्ग पहेली नं. 3366



*बायें से दायें:-* 2) दुर्दशाग्रस्त, 4) बुद्ध, 7) एक बाजा, 9) झूठ, 10) दिनरात, 12) एक त्यौहार, 14) अंगों का कसाव; बनावट, 16) एक राजस्थानी शहर, 19) अपवित्र, 21) एक हिंदु महीना, 22) एक बरसाती कीड़ा, 24) एक धातु , 25) दबदबा; आतंक, 26) रिसना, 28) टूटा-फूटा रद्दी सामान, 29) एक बाजा, 30) आवारा ; बेघर.

*ऊपर से नीचे:-* 1) बहती धारा, 2) अत्यधिक; असीम, 3) बुरी आदत, 4) खोज, 5) घड़ा, 6) तपस्या, 8) अभागा, 11) एक शक्तिशाली जलचर, 13) सुंदरी, 15) अधिकार, 17) गाढ़ा करना, 18) बादल, 20) अपराध; पाप, 22) पत्थर का बारीक टुकड़ा, 23) झूलना, 24) सीढ़ी, 25) छत के ऊपर का कमरा, 27) दुर्लभ; बिरला, 28) छल्ला.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ता | ■ | सा | स | ■ | मा | द | क | ■ | छु |
| र | ■ | रं | भा | फ | ल | ■ | म | ला | ई |
| ता | ज़ | गी | ■ | ल | ती | ■ | ज़े | ■ | मु |
| र | मा | ■ | त | क | ■ | प | र | छा | ई |
| ■ | ना | दा | न | ■ | आ | टा | ■ | ज | ■ |
| पा | ■ | ■ | ब | वा | ल | ■ | त | न | या |
| स | र | ह | द | ■ | य | क़ी | न | ■ | द |
| पा | ■ | म | न | का | ■ | म | हा | ■ | दा |
| स | पो | ला | ■ | म | हं | त | ■ | गो | श्त |

## सुडोकू-पहेली-3324

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 6 | |
| | | | | 4 | | 9 | 3 | |
| 7 | | | 8 | | | | | |
| 2 | | | | | | 7 | | |
| | | | | 8 | 2 | | | 3 |
| | | | 7 | | 3 | | 4 | |
| | 4 | 9 | | 7 | | 8 | | |
| 6 | | | | 9 | | 2 | | 5 |
| | | 2 | | 6 | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3323 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 4 | 5 | 8 | 9 | 1 | 3 | 6 |
| 8 | 5 | 3 | 6 | 7 | 1 | 2 | 4 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 |
| 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 4 |
| 6 | 4 | 2 | 7 | 1 | 8 | 3 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 2 | 7 |
| 3 | 9 | 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 7 | 2 | 6 | 8 | 9 | 3 | 4 | 5 | 1 |
| 4 | 1 | 5 | 2 | 6 | 7 | 9 | 8 | 3 |

# एसआईआर : अंतिम मतदाता सूची जारी होने के बाद राज्यभर में बढ़ी सतर्कता, कड़ी सुरक्षा के निर्देश

- **चार जिले संवेदनशील घोषित, चार वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों की तैनाती**
- **कानून-व्यवस्था बनाए रखने को रैफ, सीआईएफ का सहयोग**



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद शनिवार को अंतिम मतदाता सूची जारी होने के बाद तनाव की आशंका को देखते हुए पुलिस को राज्य भर में सुरक्षा कड़ी करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि निर्देश के बाद सभी जिलों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। मतदाता सूची जारी होने के दिन खुद राज्य के गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सहित वरिष्ठ अधिकारी दिन भर राज्य सचिवालय नवान्न में स्थिति पर नजर रखने के लिए मौजूद रहे। एक अधिकारी ने बताया कि राज्य सचिवालय ने उत्तर एवं दक्षिण 24 परगना, मुर्शिदाबाद, नदिया और उत्तर बंगाल के जिलों के पुलिस अधीक्षकों को विशेष अलर्ट जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि एसआईआर की अंतिम सूची के प्रकाशन के मद्देनजर पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षकों ने सभी इकाइयों को अत्यधिक सतर्क रहने का निर्देश दिया है। राज्य सचिवालय नवान्न स्थित नियंत्रण कक्ष को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है, ताकि राज्य के किसी भी हिस्से से अशांति की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि हम कोई जोखिम नहीं लेना चाहते, क्योंकि एसआईआर के बाद मतदाता सूची जारी होने के साथ अगले सप्ताह डोल यात्रा और होली के त्योहार हैं। सरकार ने चार जिलों- मालदह, मुर्शिदाबाद, नदिया और कूचबिहार को अत्यधिक संवेदनशील घोषित किया है। इन क्षेत्रों में कानून व्यवस्था की निगरानी के लिए चार वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को नियुक्त किया है। अजय नंद (एडीजी, काउंटर इंसर्जेंसी फोर्स) मालदह जिले की स्थिति पर नजर रखेंगे। गौरव शर्मा (आईजीपी, ट्रैफिक): कृष्णानगर पुलिस जिले और मुख्यालय की जिम्मेदारी संभालेंगे। रशीद मुनीर खान (डीआईजी, मुख्यालय): मुर्शिदाबाद, जंगीपुर पुलिस जिले और बहरमपुर मुख्यालय की सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभालेंगे। सुनील कुमार यादव (डीआईजी, कोस्टल सिक्योरिटी) कूचबिहार जिले में कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। इन अधिकारियों को स्थानीय पुलिस बल के साथ-साथ त्वरित कार्य बल (रैफ) और सीआईएफ का सहयोग मिलेगा। ये चारों जिले बांग्लादेश के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करते हैं।

# एसआईआर : मुख्यमंत्री ममता की भवानीपुर सीट से 47,000 से अधिक नाम हटाए गए

## 14,154 मतदाताओं को 'विचाराधीन' श्रेणी में रखा गया



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में शनिवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मतदाता सूचियों के प्रकाशन ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर में नए सिरे से राजनीतिक हलचल पैदा कर दी, जहां 47,000 से अधिक नाम हटाए गए हैं और 14,000 से अधिक नामों को 'विचाराधीन' श्रेणी में रखा गया। बता दें कि दक्षिण कोलकाता का भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र, जिसे व्यापक रूप से ममता का गढ़ माना जाता है, में पिछले साल चार नवंबर को एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने पर 2,06,295 मतदाता थे। पिछले साल 16 दिसंबर को प्रकाशित मसौदा सूची में भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में 44,786 नामों को हटाए जाने की जानकारी दी गई थी। शनिवार को जारी अंतिम सूची में 2,324 और नाम हटा दिए गए, जिससे हटाए गए नामों की कुल संख्या 47,094 हो गई। यह संख्या 2021 के भवानीपुर उपचुनाव में ममता द्वारा हासिल किए गए 58,000 से अधिक वोटों के अंतर से लगभग 11,000 कम है। हटाए गए नामों के अलावा, 14,154 मतदाताओं को 'विचाराधीन' श्रेणी में रखा गया है, जिन पर अंतिम निर्णय दस्तावेज सत्यापन पर निर्भर है। यदि अंततः इन नामों को सूची से हटा दिया जाता है, तो निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं की कुल संख्या में काफी कमी आ सकती है। इस घटनाक्रम ने विधानसभा चुनाव से पहले तीव्र अटकलों को जन्म दे दिया है।

### संशोधित मतदाता सूची पर नया विवाद,

# 'हटाए गए नामों' को लेकर शशि पांजा ने जताई चिंता



**कोलकाता, समाज्ञा :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची को लेकर राज्य में नया राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। सूची जारी होते ही श्यामपुकुर की विधायक व राज्य की मंत्री शशि पांजा ने हटाए गए नामों को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि नए मतदाताओं का स्वागत है, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम अनुचित रूप से सूची से बाहर न हुआ हो। उन्होंने कहा कि जो नए नाम जुड़े हैं, उनका स्वागत है। लेकिन जिनके नाम हटाए गए हैं, उनकी जांच जरूरी है। यदि किसी वैध मतदाता का नाम गलत तरीके से काटा गया है तो इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसा होने पर लोग चुनाव आयोग पर से विश्वास खो देंगे। चुनाव आयोग के अनुसार, उत्तर कोलकाता क्षेत्र में चार लाख से अधिक नाम हटाए जाने की बात कही जा रही है। इसी बड़े पैमाने पर विलोपन को लेकर शशि पांजा ने चिंता जताई है।

मंत्री का आरोप है कि वर्ष 2002 की मतदाता सूची में जिन परिवारों के नाम दर्ज थे, उन्हें सुनवाई के लिए न बुलाने का निर्देश होने के बावजूद इस नियम का पालन नहीं किया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि अन्य राज्यों में एक नियम और राज्य में अलग व्यवस्था क्यों अपनाई गई। उनके अनुसार, पुनरीक्षण के दौरान 'भाई-बहनों की संख्या अधिक होने' जैसे आधार पर लोगों को दूर-दराज के सुनवाई केंद्रों पर बुलाकर अनावश्यक परेशान किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि जिन नामों को हटाया गया है, उसके आधार की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी प्रक्रिया के विरोध में नहीं है, बल्कि समयसीमा और कार्यपद्धति को लेकर आपत्ति थी। उनके अनुसार, इतने महत्वपूर्ण कार्य को कम समय में पूरा करने की जल्दबाजी से जटिलताएं पैदा हुईं। नागरिक स्वाभाविक रूप से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना चाहते हैं, लेकिन ऐसा लगा मानो आयोग यह तय कर रहा हो कि किसे मताधिकार मिलेगा और किसे नहीं।

# दक्षिण 24 परगना : मतदाता सूची में कुल 77,62,298 मतदाताओं के नाम शामिल

**कोलकाता :** इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) द्वारा दक्षिण 24 परगना जिले की 31 विधानसभा क्षेत्रों की अद्यतन निर्वाचक नामावली 28 फरवरी 2026 को आधिकारिक रूप से प्रकाशित कर दी गई। इस संबंध में जिला प्रशासन की ओर से प्रेस नोट जारी किया गया है। जारी विज्ञप्ति के अनुसार, प्रकाशित मतदाता सूची में जिले के कुल 77,62,298 मतदाताओं का नाम शामिल है। इनमें 39,62,893 पुरुष मतदाता तथा 37,99,128 महिला मतदाता पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त 277 मतदाता तृतीय लिंग (थर्ड जेंडर) श्रेणी में दर्ज किए गए हैं। प्रकाशित निर्वाचक नामावली को आम नागरिकों की सुविधा के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है। मतदाता सूची देखने के लिए इच्छुक व्यक्ति मुख्य निर्वाचन अधिकारी पश्चिम बंगाल की वेबसाइट के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला दंडाधिकारी एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी, दक्षिण 24 परगना द्वारा जारी प्रेस नोट (स्मारक संख्या 310/एलेक) में बताया गया है कि मतदाता सूची का प्रकाशन निर्धारित कार्यक्रम के तहत किया गया है। प्रशासन की ओर से मतदाताओं से अपील की गई है कि वे अपनी प्रविष्टियों की जांच अवश्य कर लें और किसी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत संशोधन के लिए आ-वेदन करें। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता सूची का समय-समय पर अद्यतन किया जाता है। इस बार प्रकाशित सूची आगामी चुनावी तैयारियों के मद्देनजर महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# राज्य सरकारी कर्मचारियों के लिए खुशखबरी, बढ़ा एड-हॉक बोनस और उत्सव अग्रिम

**कोलकाता :** राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एड-हॉक बोनस और उत्सव अग्रिम की राशि में वृद्धि की घोषणा की है। वित्त विभाग ने शुक्रवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की। शारदोत्सव और ईद से पहले कर्मचारियों को यह लाभ मिलेगा।

31 मार्च 2026 तक जिन कर्मचारियों का मासिक वेतन 46 हजार रुपये या उससे कम है, उन्हें 7,400 रुपये एड-हॉक बोनस दिया जाएगा। पिछले वर्ष यह राशि 6,800 रुपये थी और वेतन सीमा 44 हजार रुपये थी। इस प्रकार इस वर्ष बोनस में 600 रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

उत्सव अग्रिम की राशि भी बढ़ाई गई है। जिन कर्मचारियों का मासिक वेतन 46 हजार रुपये से अधिक लेकिन 54 हजार रुपये से कम है, वे अधिकतम 22 हजार रुपये तक उत्सव अग्रिम ले सकेंगे। पिछले वर्ष यह सीमा 20 हजार रुपये थी।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए भी उत्सव भत्ता घोषित किया गया है। 31 मार्च 2026 तक सेवानिवृत्त या सेवानिवृत्ति लेने वाले पेंशनभोगियों में जिनकी मासिक पेंशन 40 हजार रुपये से कम है, उन्हें 3,800 रुपये भत्ता मिलेगा। पिछले वर्ष यह राशि 3,500 रुपये थी।

यह सुविधा शैक्षणिक संस्थानों के कर्मचारियों, राज्य सरकार के अधीनस्थ संस्थाओं के कर्मियों, पारिवारिक पेंशनभोगियों और अतिरिक्त पेंशनभोगियों को भी मिलेगी। हालांकि जिन संस्थाओं के कर्मचारियों का वेतन 10 हजार रुपये या उससे कम है, उन्हें 3,500 रुपये बोनस दिया जाएगा।









# सीमा पर तारबंदी के लिए केंद्र को जमीन देने को तैयार ममता सरकार, 105 एकड़ भूमि होगी आवंटित

## 17 किमी तारबंदी और नौ सीमा चौकियों का निर्माण होगा

**कोलकाता, समाज्ञा :** काफी आनाकानी के बाद राज्य की ममता सरकार ने भारत-बांग्लादेश सीमा के खाली हिस्सों में कंटीले तार की बाड़ लगाने के लिए केंद्र को जमीन देने का फैसला किया है। सूत्रों के अनुसार, प्रारंभिक तौर पर 17 किलोमीटर लंबी सीमा पर कंटीले तार लगाने और नौ सीमा चौकियों के निर्माण के लिए आवश्यक 105 एकड़ भूमि दी जाएगी। राज्य सचिवालय में मंत्रिस्तरीय समूह की बैठक में जमीन हस्तांतरित करने का फैसला किया गया। हालांकि, राज्य मंत्रिमंडल इसे अंतिम मंजूरी देगा। बता दें कि राज्य सरकार काफी दिनों से जमीन देने के मुद्दे पर आनाकानी कर रही थी। इसके खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका भी दायर की गई थी। इसके बाद, हाई कोर्ट ने फटकार लगाते हुए राज्य सरकार को जमीन सौंपने का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री ममता



बनर्जी ने मंत्रियों के एक विशेष समूह को जमीन देने पर विचार करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। मंत्रियों के समूह ने शुक्रवार को आवश्यक भूमि की मात्रा और राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली भूमि की समीक्षा की। प्रारंभिक तौर पर यह तय किया गया है कि 17 किलोमीटर लंबी सीमा पर कंटीले तार लगाने के लिए 67 एकड़ भूमि और नौ सीमा चौकियों के निर्माण के लिए आवश्यक 18 एकड़ भूमि दी जाएगी। यह भूमि व्यक्तिगत मालिकों के पास है। ऐसे में राज्य सरकार उनसे यह भूमि खरीदकर बीएसएफ को देगी। इसके अलावा, नौ सीमावर्ती क्षेत्रों में राज्य के अधीन लगभग 20-25 एकड़ भूमि भी बीएसएफ को हस्तांतरित की जाएगी। यदि मुख्यमंत्री कार्यालय इस प्रस्ताव को मंजूरी देता है, तो इसे मंत्रिमंडल की बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। यदि हरी झंडी मिल जाती है, तो जिला प्रशासन भूमि मालिकों से चर्चा करके भूमि खरीदने की व्यवस्था करेगा।

# केंद्रीय बलों की पर्याप्त तैनाती के बिना राज्य में शांतिपूर्ण चुनाव कराना मुश्किल : दिलीप घोष

**भाजपा की परिवर्तन यात्रा सत्ता परिवर्तन लाएगी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद दिलीप घोष ने शनिवार को कहा कि एसआईआर और राज्य में पहले से हिंसा के माहौल में केंद्रीय बलों की पर्याप्त तैनाती के बिना चुनाव आयोग के लिए राज्य में शांतिपूर्ण चुनाव कराना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि गांव-गांव के लोग बोल रहे हैं कि केंद्रीय बल चाहिए, नहीं तो चुनाव ठीक से नहीं हो पाएगा। घोष ने कहा कि राज्य में चुनाव के दौरान केंद्रीय बल न रहे तो आम लोग न तो वोट डाल पाएंगे और न ही मतगणना हो पाएगी। इसलिए चुनाव का वातावरण बनते ही यहां केंद्रीय बलों को बुलाया जाता है। उन्होंने कहा कि केवल केंद्रीय बलों के आने



से नहीं होगा। केंद्रीय बलों का कड़ाई से मूवमेंट हो यह केंद्रीय चुनाव आयोग को सुनिश्चित करना होगा। राज्य सरकार और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि राज्य को अस्त-व्यस्त करने की योजना चल रही है। कहीं बच्चों को उठाकर तो कहीं बम का डर दिखाकर लोगों को डराया जा रहा है। राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

**❑ 'पूर्व डीजीपी को राज्यसभा उम्मीदवार बनाकर इनाम दिया गया'**

वहीं, राज्यसभा चुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को उम्मीदवारों की घोषणा के सवाल पर घोष ने कहा कि वह किसे अपना उम्मीदवार चुनती है, यह पूरी तरह उसके अपने हाथ में है। पूर्व डीजीपी राजीव कुमार को उम्मीदवार बनाए जाने पर घोष ने कहा कि जिन्होंने ममता बनर्जी को प्रशासन चलाने में बहुत मदद की और हर संकट के समय उनके साथ खड़े रहे, उन्हें पुरस्कृत किया जाना तय था। चुनाव से पहले भाजपा द्वारा बंगाल में एक मार्च से शुरू की जाने वाली 5,000 किलोमीटर लंबी परिवर्तन यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि यह यात्रा राज्य में सत्ता परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगी।

### स्विगी डाइनआउट ने ग्रेट इंडियन रेस्टोरेंट फेस्टिवल 2026 के एंबेसडर के रूप में भुवन बाम को जोड़ा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड कन्वीनियंस प्लेटफॉर्म स्विदी लिमिटेड ने स्विगी डाइनआउट के बहुप्रतीक्षित ग्रेट इंडियन रेस्टोरेंट फेस्टिवल (जीआईआरएफ) 2026 के शुभारंभ की घोषणा की है। इस वर्ष के आधिकारिक एंबेसडर के रूप में लोकप्रिय कंटेंट क्रिएटर और अभिनेता भुवन बाम को जोड़ा गया है, जो अपने चर्चित शो बीबी की वाइन्स के किरदारों के साथ अभियान को खास अंदाज में पेश कर रहे हैं। 'बिल हाफ, पार्टी फुल' थीम के साथ 15 फरवरी 2026 से शुरू हो रहा यह फेस्टिवल 60 से अधिक शहरों के 40,000 से ज्यादा प्रमुख रेस्टोरेंट्स में ग्राहकों को फूड बिल पर 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान करेगा। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक कार्डधारकों को अतिरिक्त 10 प्रतिशत इंस्टेंट डिस्काउंट और डाइनआउट के माध्यम से हर बुकिंग पर 10 प्रतिशत डाइनकैश का लाभ मिलेगा।

## चिरंजीब हटे, उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद के नए अध्यक्ष होंगे डॉ. पार्थ कर्मकार

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद में नेतृत्व परिवर्तन किया गया है। परिषद के वर्तमान अध्यक्ष प्रो. चिरंजीब भट्टाचार्य ने पद छोड़ दिया है और उनकी जगह पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के सह-सचिव प्रो. डॉ. पार्थ कर्मकार को नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार, डॉ. कर्मकार 2 मार्च तक अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे।

वर्ष की शुरुआत में प्रो. चिरंजीब भट्टाचार्य को जादवपुर विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया था। इसके बाद वे उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष और विश्वविद्यालय के कुलपति-दोनों जिम्मेदारियां एक साथ संभाल रहे थे।

डॉ. पार्थ कर्मकार के पास शिक्षण के साथ-साथ प्रशासनिक कार्यों का भी लंबा अनुभव है। उन्होंने एप्लाइड मैथमेटिक्स में स्नातकोत्तर तथा गणित में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। अपने करियर की शुरुआत स्कूल शिक्षक के रूप में करने के बाद उन्होंने पुरुलिया के झालदा ए.एम. कॉलेज, जलपाईगुड़ी गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, बिधाननगर गवर्नमेंट कॉलेज, बेथ्यून कॉलेज और मुड़ागाछा गवर्नमेंट कॉलेज में अध्यापन किया। वे पश्चिम बंगाल सरकार के उच्च शिक्षा विभाग में पब्लिक इंस्ट्रक्शन के संयुक्त निदेशक भी रह चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को ही उच्च माध्यमिक परीक्षा संपन्न हुई है। परीक्षा समाप्त होते ही शिक्षा विभाग ने परिषद के अध्यक्ष पद पर बदलाव की घोषणा की।

## राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड का 'व्यापारी सशक्तिकरण समारोह', व्यापारियों को विकास की नई दिशा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (एनटीडबल्यूबी) द्वारा 'व्यापारी सशक्तिकरण समारोह' का भव्य आयोजन कोलकाता में किया गया। कार्यक्रम बोर्ड सदस्य सिद्धार्थ मालू की पहल पर तथा अध्यक्ष एवं संस्थापक सुनील जे. सिंघी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सुनील जे. सिंघी ने अपने संबोधन में कहा कि खुदरा क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन का मजबूत स्तंभ है। उन्होंने 22 सितंबर 2025 से लागू 'नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधारों' का स्वागत करते हुए कहा कि इनसे व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभ मिला है तथा 'जीएसटी बचत उत्सव' सरकार के प्रति आभार का प्रतीक है। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य एवं रैप्रोक्योर के संस्थापक सिद्धार्थ मालू ने बोर्ड




की भूमिका, सरकारी योजनाओं, बजट प्रावधानों और एफटीए से जुड़े अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन्स के बोर्ड सदस्य के रूप में उन्होंने आश्वस्त किया कि बंगाल के व्यापारियों की आवाज राष्ट्रीय नीति-निर्माण तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाएगी। आरडीबी ग्रुप के चेयरमैन विनोद दुगर ने व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु समन्वित प्रयासों पर जोर दिया। इस अवसर पर नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के बोर्ड सदस्य सुशील पोद्दार सहित दिनेश गंगवाल, प्रदीप पटवा, भवेन कमदार तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में व्यापारिक हितों से जुड़े विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। सभा घर व्यापारियों से खचाखच भरा हुआ था।

## अदालत ने भाटपाड़ा में तृणमूल नेता की हत्या मामले की जांच एनआईए को सौंपी

**कोलकाता :** वर्ष 2024 में 13 नवंबर को भाटपाड़ा के तृणमूल नेता अशोक साव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना से जगदल इलाके में व्यापक सनसनी फैल गई थी। अब इस मामले में अदालत ने जांच की जिम्मेदारी राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी है, जिसके बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है।

घटना के बाद जगदल थाने की पुलिस ने जांच शुरू कर सात लोगों को गिरफ्तार किया था। बाद में इनमें से दो आरोपियों को रिहा कर दिया गया। मृतक के परिजनों ने शुरुआत से ही पुलिस जांच पर असंतोष जताते हुए मुख्य साजिशकर्ताओं की गिरफ्तारी की मांग की थी। उनका आरोप था कि पुलिस जांच में ठोस प्रगति नहीं हो रही है।




पुलिस जांच से संतुष्ट न होने पर परिवार ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद दो वर्ष पश्चात अदालत ने मामले की जांच एनआईए को सौंपने का निर्देश दिया।

एनआईए द्वारा जांच अपने हाथ में लिए जाने के बाद मामले में नई दिशा मिलने की संभावना जताई जा रही है। वहीं, इस फैसले को लेकर राज्य की सियासत में भी आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है।

# अलीपुरद्वार में सड़क दुर्घटना में चार महिला श्रमिकों की मौत, तीन घायल

**✒ चाय बागान जा रही महिलाओं को तेज रफ्तार कार ने रौंदा**

**✒ हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर विरोध किया**

**सिलीगुड़ी :** उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में सड़क दुर्घटना में 4 महिला चाय श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य बुरी तरह से घायल हो गई हैं। यह दुर्घटना शनिवार की सुबह हसीमारा एशियन हाईवे पर हुई है। पुलिस ने बताया है कि कई महिला चाय श्रमिक काम करने के लिए चाय बागान जा रही थीं। तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने सभी को रौंद दिया। मौके पर ही तीन की मौत हो गई। जबकि, गंभीर रूप से घायल तीन अन्य श्रमिकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, पीड़ित बंद हो चुके भरनाबारी टी एस्टेट के मजदूर थे। वे सुबह की ड्यूटी के लिए चाय बागान जाने के लिए सड़क किनारे चल रहे थे, तभी डुआर्स ढाबा के पास एक तेज रफ्तार कार ने कथित तौर पर उन्हें टक्कर मार दी। इस घटना से स्थानीय चाय बागान मजदूरों और निवासियों में गुस्सा फैल गया, जिन्होंने हादसे के तुरंत बाद विरोध में सड़क जाम कर दिया। भीड़ में से कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि हादसे के समय ड्राइवर नशे में था। हालांकि, अधिकारियों ने आधिकारिक तौर पर इन दावों की पुष्टि नहीं की है। पुलिस तुरंत पहुंची और स्थिति को काबू में किया। उन्होंने हादसे के हालात की डिटेल में जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा कि जांच के नतीजों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## स्विगी डाइनआउट ने ग्रेट इंडियन रेस्टोरेंट फेस्टिवल 2026 के एंबेसडर के रूप में भुवन बाम को जोड़ा

कोलकाता, समाज्ञा

भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड कन्वीनियंस प्लेटफॉर्म स्विदी लिमिटेड ने स्विगी डाइनआउट के बहुप्रतीक्षित ग्रेट इंडियन रेस्टोरेंट फेस्टिवल (जीआईआरएफ) 2026 के शुभारंभ की घोषणा की है। इस वर्ष के आधिकारिक एंबेसडर के रूप में लोकप्रिय कंटेंट क्रिएटर और अभिनेता भुवन बाम को जोड़ा गया है, जो अपने चर्चित शो बीबी की वाइन्स के किरदारों के साथ अभियान को खास अंदाज में पेश कर रहे हैं।

'बिल हाफ, पार्टी फुल' थीम के साथ 15 फरवरी 2026 से शुरू हो रहा यह फेस्टिवल 60 से अधिक शहरों के 40,000 से ज्यादा प्रमुख रेस्टोरेंट्स में ग्राहकों को फूड बिल पर 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान करेगा।

इसके अलावा एचडीएफसी बैंक कार्डधारकों को अतिरिक्त 10 प्रतिशत इंस्टेंट डिस्काउंट और डाइनआउट के माध्यम से हर बुकिंग पर 10 प्रतिशत डाइनकैश का लाभ मिलेगा। यह अभियान बाहर खाने के अनुभव को अधिक किफायती और उत्सवपूर्ण बनाने पर केंद्रित है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद और कोलकाता समेत कई बड़े शहरों में यह ऑफर दो महीनों तक लागू रहेगा, जिससे ग्राहकों और रेस्टोरेंट साझेदारों दोनों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

# विधानसभा चुनाव : मार्च के दूसरे सप्ताह में घोषणा होने की संभावना, तीन चरणों में हो सकता है मतदान

## होली के बाद चुनाव आयोग की टीम करेगी राज्य का दौरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा मार्च के दूसरे सप्ताह में होने की संभावना है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस बात की प्रबल संभावना है कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा मार्च के दूसरे सप्ताह में की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदान तीन से अधिक चरणों में होने की संभावना नहीं है। अधिकारी ने यह भी बताया कि निर्वाचन आयोग की पूरी टीम एक मार्च को राज्य का दौरा नहीं करेगी। उन्होंने बताया कि आयोग का दौरा होली और डोल यात्रा त्यौहारों के समाप्त होने के बाद हो सकता है। चुनाव तिथियों की घोषणा से पहले आयोग की पूरी टीम राज्य का दौरा करती है। अधिकारी ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद टीम राज्य का दौरा कर सकती है। उन्होंने बताया कि अगर यह समय-सीमा बनी रहती है, तो विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा मार्च के मध्य तक हो सकती है।

### चुनाव से पहले 240 कंपनी केंद्रीय बल पहुंचा बंगाल

दूसरी ओर, विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय बलों के राज्य में पहुंचने का सिलसिला शनिवार को शुरू हो गया। इस दिन, 240 कंपनी केंद्रीय बलों का पहला जत्था बंगाल पहुंचा। आज से राज्य के विभिन्न जिलों में केंद्रीय बलों की तैनाती की प्रक्रिया शुरू होगी। साथ ही, केंद्रीय बलों का रूट मार्च भी शुरू हो जाएगी।

### विश्व प्रोटीन दिवस पर आईबी ग्रुप का देशव्यापी अभियान

**कोलकाता :** विश्व प्रोटीन दिवस के अवसर पर देश की अग्रणी एग्री-फूड कंपनी आईबी ग्रुप ने हर घर हर दिन चिकन प्रोटीन शीर्षक से एक व्यापक राष्ट्रव्यापी अभियान संचालित किया। यह अभियान कश्मीर से कन्याकुमारी तक 20 राज्यों की 2,500 से अधिक तहसीलों में एक साथ चलाया गया, जिसका उद्देश्य भारत में महिलाओं और बच्चों में व्याप्त 73 प्रतिशत प्रोटीन कमी के प्रति जागरूकता फैलाना था। आंकड़ों के अनुसार देश में हर 10 में से 7 महिलाएं और बच्चे पर्याप्त प्रोटीन नहीं ले पा रहे हैं, जो एक गंभीर पोषण चुनौती बन चुकी है। आईबी ग्रुप के प्रबंध निदेशक बहादुर अली ने इस पहल पर कहा कि हर घर हर दिन चिकन प्रोटीन अभियान का उद्देश्य देश के हर गांव और हर परिवार तक प्रोटीन के महत्व का संदेश पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रोटीन की कमी विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के लिए एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता है।

## डब्ल्यूबीजेईईबी की प्रवेश परीक्षा तिथि को लेकर अनिश्चितता, छात्रों की चिंता बढ़ी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल संयुक्त प्रवेश परीक्षा बोर्ड (डब्ल्यूबीजेईईबी) द्वारा राज्य इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम अभी तक घोषित नहीं किए जाने से छात्रों की चिंता बढ़ गई है क्योंकि शैक्षणिक कैलेंडर शुरू हो चुका है और अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। डब्ल्यूबीजेईई आमतौर पर 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद अप्रैल या मई में आयोजित की जाती है। पिछले वर्ष यह परीक्षा 27 अप्रैल को हुई थी। हालांकि, इस साल अभी तक कोई तारीख घोषित नहीं की गई है और आवेदन प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है। डब्ल्यूबीजेईईबी के अध्यक्ष गौतम पाल ने शनिवार को कहा कि परीक्षा को समय पर आयोजित करना वर्तमान में उनकी 'सबसे बड़ी चुनौती' है। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और हमें उम्मीद है कि हम उचित समय सीमा के भीतर परीक्षा आयोजित करेंगे और परिणाम प्रकाशित करेंगे। इस देरी से महाविद्यालयों के पदाधिकारी आशंकित हैं खासतौर पर आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर, जो लगभग उसी समय होने की उम्मीद है।

## हांसखाली में एक पुलिस कर्मी की रहस्यमयी मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले में शनिवार को एक पुलिस कर्मी मृत पाया गया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उप-निरीक्षक सुमन मंडल का शव बागूला इलाके में उनके किराए के आवास पर मिला। अधिकारियों ने बताया कि सुमन मंडल हांसखाली थाने के अंतर्गत बागूला पुलिस चौकी पर तैनात था। उन्होंने बताया कि वह पिछले डेढ़ महीने से घर में अकेला रह रहा था और उसका शव छत से लटका हुआ मिला। एक अधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि, हालांकि प्रथमदृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि सुमन मंडल ने आत्महत्या की है, लेकिन सभी पहलुओं की जांच जारी है।

## पूर्व रेलवे ने होली पर यात्रियों के लिए की व्यापक तैयारियां, सुरक्षा और सुविधाओं का प्रबंध

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने होली पर्व में घर लौटने वाले यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए अपने प्रमुख स्टेशनों पर विशेष प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। हावड़ा रेलवे स्टेशन और सियालदह रेलवे स्टेशन सहित आसनसोल और मालदह जैसे महत्वपूर्ण केंद्रों पर बहु-स्तरीय रणनीति के तहत व्यवस्थाएं सुदृढ़ की गई हैं। त्योहारी भीड़ को सुव्यवस्थित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर विशेष 'होल्डिंग एरिया' बनाए गए हैं, जहां यात्रियों के लिए पेयजल की सतत आपूर्ति और मोबाइल मेडिकल बूथ की व्यवस्था की गई है। 'मे आई हेल्प यू' काउंटरों पर अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की गई है, वहीं अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को चौबीसों घंटे ड्यूटी पर लगाया गया है। लंबी कतारों से बचने के लिए यात्रियों को डिजिटल टिकटिंग अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। अनारक्षित टिकट के लिए एम-



यूटीएस ऐप के उपयोग पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड और नियमित उद्घोषणाओं के माध्यम से यात्रियों को रीयल-टाइम सूचना उपलब्ध कराई जा रही है। सुरक्षा को देखते हुए आरपीएफ की व्यापक तैनाती की गई है। स्टेशनों पर उच्च-गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है तथा अनधिकृत यात्रा रोकने के लिए विशेष टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के विभिन्न गंतव्यों के लिए होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। पूर्व रेलवे ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुरक्षित, सुगम और आनंददायक यात्रा सुनिश्चित करना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि इस होली हर यात्री अपने घर खुशियों के रंगों के साथ पहुंच सके।

## पूर्व रेलवे का होली पर बड़ा तोहफा, दिल्ली-प्रयागराज के लिए अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने होली के अवसर पर दिल्ली और प्रयागराज के लिए दो वनवे अनारक्षित विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। यह पहल उन यात्रियों के लिए विशेष रूप से राहतकारी है जिन्हें त्योहार के दौरान कन्फर्म आरक्षण नहीं मिल पा रहा है। पूर्व रेलवे के अनुसार, त्योहार के मद्देनजर पहले ही 66 विशेष ट्रिप संचालित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, अन्य जोनल रेलवे द्वारा 116 जोड़ी विशेष ट्रेनें पूर्व रेलवे के स्टेशनों से प्रारंभ/समाप्त हो रही हैं तथा 94 विशेष ट्रिप पूर्व रेलवे नेटवर्क से होकर गुजर रही हैं।

इसी क्रम में, 03103 सियालदह-प्रयागराज वनवे अनारक्षित विशेष ट्रेन 1 मार्च 2026 को सियालदह से 10:40 बजे प्रस्थान कर 2 मार्च 2026 को 13:00 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। यह ट्रेन पूर्णतः अनारक्षित होगी और नैहाटी, बंडेल, वर्दवान, बोलपुर, सैंथिया, रामपुरहाट, बरहरवा, साहिबगंज, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर, अभयपुर, किउल, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना, आरा, बक्सर तथा पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन सहित प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी।

इसके अतिरिक्त, 03015 हावड़ा-दिल्ली वनवे अनारक्षित विशेष ट्रेन 1 मार्च 2026 को हावड़ा से 00:30 बजे प्रस्थान कर 2 मार्च 2026 को 13:00 बजे दिल्ली पहुंचेगी। मार्ग में यह ट्रेन बंडेल, वर्दवान, खाना, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किउल, बरौनी, हाजीपुर, छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, औंरीहार, वाराणसी, जंघई जंक्शन, फाफामऊ, रायबरेली, बरेली तथा मुरादाबाद स्टेशनों पर ठहरेगी।

### जादवपुर विश्वविद्यालय में पुराने नियमों से चुनाव पर विवाद, अधिसूचना रद्द करने की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) में शनिवार को प्रतिनिधि निकायों के चुनाव संबंधी अधिसूचना को रद्द करने की मांग की है। संगठन का आरोप है कि यह प्रक्रिया 'अप्रचलित और कानूनी रूप से असंगत' प्रावधानों के तहत शुरू की गई है। ऑल बंगाल यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (एब्यूटा) की जादवपुर विश्वविद्यालय इकाई ने कहा कि चुनाव जादवपुर यूनिवर्सिटी के जादवपुर विश्वविद्यालय चुनाव उपविधि, 1982 के तहत घोषित किए गए हैं, जो कि मूल जादवपुर यूनिवर्सिटी, 1981 में किए गए संशोधनों के अनुरूप नहीं हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इस संबंध में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। मामले की व्याख्या करते हुए एब्यूटा की राज्य समिति के सदस्य गौतम मायती ने कहा कि राज्य सरकार ने एक दशक से अधिक समय पहले विश्वविद्यालय अधिनियम में संशोधन कर सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्थाओं-जैसे कोर्ट, कार्यकारी परिषद और संकाय परिषदों की संरचना एवं गठन में परिवर्तन किया था। हालांकि, इन परिवर्तनों के अनुरूप चुनाव संबंधी नियमों को औपचारिक रूप से अपडेट नहीं किया गया। संगठन का कहना है कि जब मूल अधिनियम में संशोधन हो जाता है, तो उससे असंगत पुराने नियम 'कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं' रहते। एब्यूटा ने तर्क दिया कि 1982 की उपविधियों के अनुसार भी चुनाव दो चरणों में होने थे-पहले निर्वाचित, नामित और पदेन सदस्यों के साथ कोर्ट और संकाय परिषदों का गठन, और उसके बाद उन्हीं निकायों में से कार्यकारी परिषद के सदस्यों का चुनाव। संगठन का आरोप है कि वर्तमान अधिसूचना इस निर्धारित प्रक्रिया को दरकिनार करती है और मुख्य रूप से शिक्षकों के निर्वाचन क्षेत्रों तक प्रक्रिया को सीमित कर देती है, ताकि कोर्ट और कार्यकारी परिषद में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जा सके।

# तालाब की खुदाई में मिली प्राचीन मूर्ति

**हुगली :** हुगली जिले के पांडुआ ब्लॉक के मंडलाई गांव में एक प्राचीन पत्थर की मूर्ति मिलने से इलाके में चर्चा का विषय बन गया। आज सुबह गांव के ऐतिहासिक तेले तालाब की खुदाई के दौरान इस मूर्ति को बरामद किया गया। मूर्ति की बनावट और नक्काशी देखकर स्थानीय लोगों का अनुमान है कि यह कई सौ साल पुरानी हो सकती है। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से मंडलाई गांव के इस पुराने तालाब का पुनर्निर्माण कार्य चल रहा था। आज सुबह जब मजदूर तालाब के तल से मिट्टी हटा रहे थे, तभी उनकी नजर एक कठोर पत्थर जैसी वस्तु पर पड़ी। कीचड़ हटाने पर पता चला कि वह एक सुंदर तरीके से बनी देव प्रतिमा है। खबर फैलते ही सैकड़ों



लोग तालाब किनारे इकट्ठा हो गए। मूर्ति की बारीक नक्काशी और पत्थर की प्रकृति देखकर कई लोगों का मानना है कि यह पाल या सेन काल की हो सकती है। हालांकि, पुरातत्व विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। फिलहाल ग्रामीणों ने मूर्ति को साफ कर स्थानीय मंदिर में सुरक्षित रखा है और कई लोग इसकी पूजा भी शुरू कर चुके हैं। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि मामले की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। पुरातत्व विभाग या आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के विशेषज्ञों द्वारा जांच के बाद ही मूर्ति की वास्तविक आयु और पहचान की पुष्टि हो सकेगी। मंडलाई गांव के निवासी चाहते हैं कि इस ऐतिहासिक धरोहर को उचित सम्मान के साथ गांव में ही संरक्षित किया जाए। हुगली जिले का पांडुआ क्षेत्र पहले से ही ऐतिहासिक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध है। इतिहास प्रेमियों का मानना है कि मंडलाई में हुई यह नई खोज इलाके के इतिहास में एक नई कड़ी जोड़ सकती है।

### टाटा मोटर्स और वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट अथॉरिटी के बीच समझौता, 40 ग्रीन हाइड्रोजन-पावर्ड हैवी-ड्यूटी ट्रकों की होगी तैनाती

**कोलकाता, समाज्ञा :** टाटा मोटर्स ने तमिलनाडु स्थित वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट अथॉरिटी के साथ 40 ग्रीन हाइड्रोजन से संचालित हैवी-ड्यूटी प्राइम मूवर्स की तैनाती के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता केंद्रीय पोर्ट्स, शिपिंग और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समझौते के अनुसार, प्रारंभ में एक हाइड्रोजन इंटरनल कम्बशन इंजन से चलने वाले प्राइम मूवर का ट्रायल शुरू किया जाएगा। ट्रायल के सफल होने के बाद अगले दो वर्षों में चरणबद्ध तरीके से कुल 40 ग्रीन हाइड्रोजन ट्रकों को पोर्ट संचालन में शामिल किया जाएगा। इस परियोजना के लिए वित्तीय सहायता पोर्ट्स, शिपिंग और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रदान की जाएगी। वीओसीपीए के चेयरपर्सन सुशांत कुमार पुरोहित ने कहा कि यह साझेदारी पोर्ट को नेट-जीरो उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ाने के साथ-साथ कार्गो संचालन को डीकार्बनाइज करने में अहम भूमिका निभाएगी। वहीं, टाटा मोटर्स के वाइस प्रेसिडेंट एवं बिजनेस हेड (ट्रक्स) राजेश कौल ने इसे भारत में स्वच्छ, भविष्य-उन्मुख और टिकाऊ लॉजिस्टिक्स समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया।

### गोदरेज एग्रोवेट ने 'टकाई' मल्टी-क्रॉप कीटनाशक किया लॉन्च, किसानों को मिलेगा प्रभावी कीट नियंत्रण समाधान

**कोलकाता, समाज्ञा :** किसानों को सशक्त बनाने और विशेष रूप से पश्चिम बंगाल की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से गोदरेज एग्रोवेट ने 'टकाई' नामक नया मल्टी-क्रॉप कीटनाशक बाजार में उतारा है। आईएसके जापान द्वारा विकसित साइक्लेप्रिन तकनीक पर आधारित यह कीटनाशक धान, मक्का, सोयाबीन और अन्य फसलों में सुंडी वर्ग (लेपिडोप्टेरन) के कीटों पर तेज नियंत्रण और लंबी अवधि की सुरक्षा प्रदान करता है। धान की फसल में तना छेदक (स्टेम बोरर) और लीफ फोल्डर जैसे कीट 20-40 प्रतिशत तक उत्पादन हानि का कारण बन सकते हैं। मक्का में फॉल आर्मीवर्म और सोयाबीन में स्पोडोप्टेरा जैसे कीट भी पैदावार को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। ऐसे में समय पर प्रभावी फसल सुरक्षा अत्यंत आवश्यक हो जाती है। कंपनी को धान, मक्का, चना और सोयाबीन के लिए लेबल अनुमोदन प्राप्त हो चुका है, जबकि पत्ता गोभी और मिर्च के लिए प्रक्रिया जारी है। क्रॉप प्रोटेक्शन बिजनेस के सीईओ एन.के. राजवेलु ने कहा कि 'टकाई' किसानों को बेहतर लागत प्रबंधन, स्थिर पैदावार और उच्च गुणवत्ता वाली फसल सुनिश्चित करने में मदद करेगा।

# सेहत के लिए घातक है होली के रंग

उमेश कुमार साहू

एक दौर ऐसा था जब लोग फूल-पत्तियों जैसे गुलाब, केवड़ा, पलाश, अमलतास, मेंहदी आदि सुगंधित पुष्पों से बनाया गया रंग ही डाला करते थे तथा हल्दी, चंदन, कत्था, दूध आदि का लेप लगाते थे। इसके पीछे वैज्ञानिक कारण भी था। विभिन्न प्रकार के प्राकृतिक रंगों के शरीर में पड़ने से अनेक रोगों का निदान हो जाता था, साथ ही शरीर कोमल, स्निग्ध व शीतल बना रहता था।



इस प्रकार के रंग त्वचा व स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत लाभदायक होते थे परंतु आज होली खेलने के लिए अनेक प्रकार के सिंथेटिक व रासायनिक रंगों, ग्रीस, ऑइल पेंट्स, कोलतार, डाईज, कीचड़, गोबर आदि का प्रयोग किया जाता है, जो असभ्यता और निकृष्ट मनोवृत्ति का परिचायक तो है ही, साथ ही साथ शरीर एवं स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत हानिकारक है।

जानिए इन रंगों से शरीर के विभिन्न अंगों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में।

**आंखों पर-**

आंख हमारे शरीर का सबसे संवदेनशील और नाजुक अंग है। यदि ये रंग आंखों में चले जाएं तो तात्कालिक अथवा स्थायी विकृति उत्पन्न करते हैं। आंखों में सूजन, दृष्टि में कमी, कॉर्निया का क्षतिग्रस्त होना, आंखों का लाल होकर पानी निकलना तथा ग्लूकोमा की आशंका बढ़ जाती है यहां तक कि इन रंगों से आंखों की रोशनी भी जा सकती है।

**त्वचा पर-**

सिंथेटिक रंगों से सर्वाधिक हानि त्वचा को पहुंचती है। इन रंगों से त्वचा पर खुजली, जलन, सूजन, लालिमा, फोड़े-फुंसी, फफोले, त्वचा का फटना तथा बदरंग होना, एक्जिमा आदि लक्षण दिखाई पड़ते हैं जो एलर्जी के कारण उत्पन्न होते हैं। कुछ घातक रासायनिक तत्व धीरे-धीरे त्वचा के अंदर प्रवेश कर अन्य अंगों को भी नुकसान पहुंचाते हैं।

**कानों में-**

यदि असावधानीवश ये रंग कानों में चले जाएं तो सुनने की क्षमता स्थायी या अस्थायी रूप से दुष्प्रभावित होती है।

**बालों पर-**

रंगों के दुष्प्रभाव से बाल रूखे और दोमुंहे होकर झड़ने लगते हैं। बालों का असमय पकना व झड़ना तथा गंजापन आदि लक्षण भी प्रकट होते हैं।

**पाचन तंत्र में-**

मुंह के द्वारा घातक रसायन पेट में पहुंचकर अल्सर, छाले, गेस्ट्राइटिस पैदा करते हैं तथा अन्य उपाचयात्मक प्रक्रियाओं को नुकसान पहुंचाते हैं।

**श्वसन तंत्र में-**

सांस के द्वारा नाक, गले व फेफड़ों में पहुंचकर ये रंग दमा, ब्रोंकाइटिस आदि का कारण बनते हैं। घातक रसायन श्वसन तंत्रा पर बुरा असर डालते हैं। ये रंग फेफड़ों द्वारा रक्त में भी घुल सकते हैं।

**अन्य दुष्प्रभाव-**

बाजार में उपलब्ध पेंट्स में लेड ऑक्साइड, कॉपर सल्फेट, एल्युमिनियम ब्रोमाइड और मरक्यूरी जैसे जहरीले पदार्थ मिले होते हैं जो अनेक प्रकार की एलर्जी को जन्म देते हैं। सिस्टेमिक विषों से युक्त गुलाल गुर्दे, लिवर व हड्डियों को नुकसान पहुंचाते हैं।

रंगों में मिलाए जाने वाले अलग-अलग धातुओं में सबसे ज्यादा खतरा लेड (सीसा) से होता है जो हमारे तंत्रिका तंत्र, गुर्दों और प्रजनन तंत्र पर बुरा असर डालते हैं। कुछ रंगों से डिसकलरेशन, डर्मेटाइटिस या स्किन एलर्जी भी हो सकती है।

कुछ लोग रंगों की जगह सिंदूर का प्रयोग करते हैं। इससे सफेद दाग जैसे त्वचा रोग भी हो सकता है क्योंकि सिंदूर में लेड ऑक्साइड और पैराफिनाइल डाइएमीन जैसे घातक रसायनों की मिलावट की जाती है।

# होली पर भांग से सावधान रहें



भांग की वजह से दिल की धड़कन व ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है जिससे मस्तिष्क को नुकसान हो सकता है. साथ ही गर्भवती महिलाओं में भ्रूण पर असर हो सकता है। भांग से मनोवैज्ञानिक और काग्नीशन व सर्कुलेशन पर असर होता है। यूफोरिया व एंजाइटी से होने वाले बदलावों के चलते याददाश्त और साइकोमोटर परफार्मेंस पर भांग लेने के बाद सामान्य असर से तीन गुना ज्यादा बढ़ जाता है।

भांग का सेवन करने से हृदय गति व ब्लड प्रेशर में बदलाव के हृदय संबंधी बीमारी के गंभीर परिणाम सामने आते हैं। इसका क्रोनिक प्रभाव दिमाग पर पड़ने के साथ ही ड्रग की तरह लत भी लग सकती है। भांग से मस्तिष्क के विकास में गड़बड़ी संभव है और बाद में बोधन क्षमता पर भी प्रभाव पड़ता है। भांग के परिणाम धूम्रपान की तरह ही होते हैं जो तंबाकू को धूम्रपान के तौर पर लेते हैं, इसलिए इससे परहेज करना चाहिए। कम उम्र के लोगों में इसका असर वयस्कों की तुलना में कहीं ज्यादा होता है।

**कुछ तथ्य**

बहुत ज्यादा भांग लेने वालों में इसके उल्टे परिणाम के तौर पर दिमागी हालत गड़बड़ाना और क्रोनिक सिजोफ्रेनिया जैसी समस्याएं होती हैं भले ही कुछ लोग इसे लेना बंद कर दें।

भांग लेने वाले कुछ लोगों की दिमागी स्थिति अति संवेदनशील हो सकती है और इससे खतरे में पलटाव उन लोगों में बढ़ जाता है जो पहले से ही इस तरह की समस्या के शिकार हों और यह उन लोगों में कहीं ज्यादा होने की संभावना होती है जो सिजोफ्रेनिया से ग्रसित होते हैं।

भांग दिमागी हालत की समस्या वालों में और इसकी गिरफ्त में आने यानी दोनों के लिए ही घातक है।

दिमाग से जुड़े सिजोफ्रेनिया के मामले में कई मामले दर्ज हो चुके हैं जिन्होंने लम्बे समय तक भांग का सेवन किया और जिसकी वजह से वे समस्या के शिकार बने। सोच में गड़बड़ी और स्पष्ट एकाग्रता न हो तो इससे याददाश्त पर असर पड़ता है।

भांग लेने से शराब जैसी स्थिति होती है इसलिए इसे लेने के बाद गाड़ी न चलाएं।

शराब, धूम्रपान और भांग को लोग अक्सर एक साथ लेते हैं। इनका सेवन एक साथ न करें (स्वा.द.)

# होली में त्वचा और बालों को रंगों से कैसे बचाएं?

होली से पहले आप काफी उत्साहित होते हैं। इस त्योहार में लोग रंगों से खेलते हैं लेकिन बाजार में मिलने वाले ये केमिकल वाले रंग त्वचा और बालों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। हर साल होली के बाद स्किन रैशेज, ड्रायनेस, पिंपल्स, हेयर फॉल और डैंड्रफ जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। अगर आप चाहती हैं कि होली के बाद भी आपकी स्किन ग्लो करे और बाल मुलायम रहें तो कुछ बातों का पहले से ही ध्यान रखें। होली में त्वचा और बालों की सुरक्षा से जुड़े आपके हर सवाल का जवाब यहां मिलेगा।



**होली से पहले त्वचा पर क्या लगाएं?**

- होली खेलने से कम से कम 20-30 मिनट पहले चेहरे और शरीर पर अच्छी तरह मॉइस्चराइजर लगाएं।
- नारियल तेल
- बादाम तेल
- ऑलिव ऑयल
- या कोई हेवी मॉइस्चराइजिंग क्रीम
- तेल या क्रीम त्वचा पर एक प्रोटेक्टिव लेयर बना देती है, जिससे रंग सीधे स्किन में नहीं घुस पाता।

**टिप:** सनस्क्रीन लगाना न भूलें, क्योंकि होली अक्सर धूप में खेली जाती है।

**क्या मेकअप लगाकर होली खेल सकते हैं?**

- भारी मेकअप से बचें। फाउंडेशन और पाउडर रंगों के साथ मिलकर पोर्स ब्लॉक कर सकते हैं।
- हल्का लिप बाम और वॉटरप्रूफ काजल लगा सकते हैं, लेकिन स्किन को खुला और सांस लेने दें।

**बालों को रंगों से कैसे बचाएं?**

- बालों पर पहले से तेल लगाना बेहद जरूरी है। रंग खेलने से पहले नारियल तेल, सरसों का तेल और आर्गन ऑयल लगा सकते हैं। तेल बालों के क्यूटिकल्स को कवर करता है और रंग को अंदर जाने से रोकता है।
- इसके अलावा रंग खेलने से पहले बालों को खुला न रखें। चोटी या बन बनाकर रखें। स्कार्फ या कैप पहन सकते हैं।

**क्या गीले बालों पर रंग कम चिपकता है?**

नहीं। गीले बाल ज्यादा रंग सोख सकते हैं। हमेशा सूखे और तेल लगे बालों पर ही होली खेलें।

**रंग हटाने का सही तरीका क्या है?**

- होली के तुरंत बाद स्क्रब या हार्श साबुन का इस्तेमाल न करें।
- पहले सादा पानी से रंग हटाएं
- फिर माइल्ड क्लेंजर से धोएं
- स्किन पर एलोवेरा जेल लगाएं

**बालों के लिए:**

- माइल्ड शैंपू
- उसके बाद डीप कंडीशनर
- एक ही दिन में 2-3 बार शैंपू न करें, इससे बाल और रूखे हो सकते हैं।

**अगर स्किन पर रैशेज हो जाएं तो क्या करें?**

- ठंडे पानी से धोएं
- कैलामाइन लोशन लगाएं
- जरूरत हो तो डर्मेटोलॉजिस्ट से सलाह लें
- खुजली होने पर रगड़ें नहीं, वरना स्किन डैमेज हो सकती है।
- क्या हर्बल रंग पूरी तरह सुरक्षित होते हैं?
- अधिकतर हर्बल रंग सुरक्षित होते हैं, लेकिन फिर भी पैच टेस्ट जरूर करें।
- कलाई या कान के पीछे थोड़ा रंग लगाकर 15 मिनट इंतजार करें।
- होली के बाद की केयर रूटीन
- फेस पैक बेसन और दही
- नारियल तेल से हेयर मसाज
- ज्यादा पानी पिएं
- स्किन को 2-3 दिन तक हाइड्रेट रखें।

# ऑफिस की होली पार्टी में दिखें सबसे अलग और डैशिंग, इन लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स को करें फॉलो



ऑफिस की होली पार्टी प्रोफेशनल होने के साथ-साथ मौज-मस्ती का एक बेहतरीन मौका होती है, जहां आपको अपने स्टाइल और शालीनता के बीच एक सही संतुलन बनाना होता है। 2026 के लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स की बात करें तो इस बार 'कंफर्ट' और 'डेनिम कपड़ों' का बोलबाला है। लड़कों के लिए सिर्फ एक साधारण सफेद कुर्ता पहनना अब पुराना फैशन हो गया है, इसलिए आइए इस लेख में कुछ नया ट्राई करने के बारे में जानते हैं।

ऑफिस के माहौल को देखते हुए ऐसे कपड़ों का चुनाव करना जरूरी है जो न केवल आपको भीड़ से अलग दिखाएं, बल्कि रंग खेलने के दौरान आरामदायक भी रहें। चाहे आप पूरी तरह पारंपरिक दिखना चाहें या थोड़ा मॉडर्न टच देना चाहें, इस साल के ट्रेंड्स हर किसी के लिए कुछ खास लेकर आए हैं। आइए जानते हैं कि इस होली पार्टी में आप अपने 'ग्रूमिंग' और 'आउटफिट' से कैसे सबका ध्यान अपनी ओर खींच सकते हैं।

**क्लासिक व्हाइट के साथ चिकनकारी का तड़का**

सफेद रंग होली का सदाबहार 'सिग्नेचर' है, लेकिन 2026 में चिकनकारी वर्क वाले सफेद कुर्ते सबसे ज्यादा ट्रेंड में हैं। आप इसे क्लासिक पजामे के बजाय नीली डेनिम या 'चिनोस' के साथ पेयर करके एक परफेक्ट इंडो-वेस्टर्न लुक पा सकते हैं। अगर आप शर्ट पहनना चाहते हैं, तो 'व्हाइट लिनन शर्ट' की स्लीव्स को रोल-अप करके पहनें, जो आपको एक कूल और प्रोफेशनल वाइब देगी।



**डेनिम जींस और सफेद शर्ट**

डेनिम जींस और सफेद शर्ट का कॉम्बिनेशन एक एवरग्रीन क्लासिक लुक है, जो ऑफिस की होली पार्टी के लिए सबसे अच्छा और स्टाइलिश विकल्प है। अगर आप कुर्ता नहीं पहनना चाहते, तो एक फिटेड व्हाइट लिनन या कॉटन शर्ट चुनें। इसकी स्लीव्स को कोहनी तक रोल-अप कर सकते हैं। यह लुक आपको रिलैक्स्ड और 'डैशिंग' दिखाता है, साथ ही रंगों के साथ यह कंट्रास्ट फोटो में भी बेहतरीन लगता है।

**फुटवियर**

सही एक्सेसरीज आपके लुक को साधारण से शानदार बना सकती हैं। धूप से बचने के लिए स्टाइलिश 'एविएटर्स' या 'वेफेयरर्स' सनग्लासेस पहनें और कलाई पर एक वाटरप्रूफ घड़ी जरूर लगाएं। फुटवियर की बात करें तो लेदर के जूतों के बजाय कोल्हापुरी चप्पल या स्टाइलिश 'लोफर्स' पहनें जो गीले होने पर खराब न हों। अपने बालों को रंगों से बचाने के लिए आप एक ट्रेंडी 'बंदना' भी बांध सकते हैं।

**स्टाइल के साथ सुरक्षा भी जरूरी**

ऑफिस की होली में डैशिंग दिखने का सबसे जरूरी चीज है आपका आत्मविश्वास। कपड़ों के चुनाव के साथ-साथ स्किन केयर का भी ध्यान रखें, रंग खेलने से पहले चेहरे और हाथों पर नारियल तेल जरूर लगाएं। ध्यान रखें ऑफिस पार्टी में आपके कपड़े आपकी पर्सनालिटी को दर्शाते हैं, इसलिए फिटिंग और फैब्रिक का खास ध्यान रखें।

# जब आप चलायें वाशिंग मशीन

पूर्णिमा मित्रा

पिछले एक दशक से आम तौर पर वाशिंग मशीन मध्यमवर्गीय परिवारों में एक आवश्यक घरेलू उपकरण के तौर पर अपना अहम् स्थान बना चुकी है। कतिपय बातों पर ध्यान रखने से यह सालोंसाल अपनी उपयोगिता सिद्ध कर सकती हैः-

- वाशिंग मशीन में दिये गये निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करें।
- उसके साथ मिलने वाले वारंटी/गांरटी कार्ड को सावधानी से सुरक्षित स्थान पर संभाल कर रखें।
- वाशिंग मशीन के प्रयोग के उपरांत उसे साफ करके सूखे और सीलनरहित स्थान पर रखें।
- वाशिंग मशीन में सस्ता घटिया डिटरजेंट व खारे पानी का इस्तेमाल न करें।



कभी भी इसका स्पिनर खाली न चलने दें।

- इसमें इसकी क्षमता अनुसार ही कपड़े डालें। ठूंस ठूंस कर कपड़े डालने की गलती न करें।
- बहुत गंदे तौलिये, अंतर्वस्त्र, रोगी व बच्चों के कपडे.(नैपीज) अलग-अलग धोयें।
- सफेद व रंगीन कपड़े एक साथ न डालें। इसी तरह जरीदार, सलमा सितारे व कांच की कशीदाकारी वाले वस्त्र भी इसमें न धोयें।
- समय-समय में वाशिंग मशीन में ब्लींचिंग पाउडर डालकर सादे पानी भरकर स्विच ऑन कर दें। थोड़ी देर बाद स्विच ऑफ कर दे। ऐसा करने से वाशिंग मशीन संक्रमण रहित हो जायेगी।
- डस्ट बॉस्केट को समय-समय पर साफ करते रहें।
- बहुत गंदे कॉलर व आस्तीन वाले वस्त्रों को वाशिंग मशीन में डालने से पूर्व, उसे डिटरजेंट के घोल व प्लास्टिक के ब्रश से हल्का सा रगड़ दें।

(उर्वशी)

# बसंत ऋतु का सुहावना समय आया



नीलिमा द्विवेदी

ऋतुराज बसंत आ गया। अब न तो कड़ाके की ठंड है और न व्याकुल करने वाली गर्मी है। यह समशीतोष्ण ताप वाला बसंत ऋतु है इसीलिए यह ऋतुराज कहलाता है। कभी ठण्ड, तपिश, लू से दूर इस समय मन प्रकृति में एकाकार होकर आह्लादित हो उठा है। यह बसंत है। यह ऋतुराज का समय है। मानव मन कोमल भावनाओं, संवेदनाओं से झंकृत हो रहा है। मन मयूर हो गया है। प्रकृति विविध आयामी रंगों से नाच उठा है। डाल-डाल पर पुष्प का श्रृंगार हो चुका है। भौंरे गुनगुना रहे हैं, कोयल कूक रही है और पक्षियों का कलरव गुंजायमान है।

**इस समय क्या करेंः-**

यह ऋतु के बदलाव का समय है। ठंड को विदा करने ग्रीष्म द्वार पर आकर खड़ा हो गया है। ऐसे समय में स्वास्थ्य सही रहेगा, तब हम मनोरम प्रकृति का आनंद उठा पाएंगे।

इस समय चहुंदिश समशीतोष्ण ताप है इसलिए हमारा पाचन भी कुछ मंद है, अतएव ऐसे में गरिष्ठ शीतल भोजन नहीं करें। दिन में नहीं सोएं। इस समय कटु, तिक्त एवं कषाय रस प्रधान वस्तुओं का सेवन करें। हरी सब्जियां, मौसमी फल एवं हल्का सुपाच्य भोजन करें। दस बारह नीम की कोमल पत्तियों का सेवन करें या उसके रस का सेवन करें। हल्का व्यायाम करें। प्रातः कालीन भ्रमण करें। इससे हमें ताजी हवा मिलेगी। इससे शरीर में प्राणवायु का सही संचार होता है। ऐसे समय में हल्की दौड़ लगाना, तैरना आदि भी लाभकारी होता है। सही समय पर नियमित भोजन करें।

इस ऋतु में दिन में सोना और रात में जागना हानिकारक होता है। रात को भरपूर नींद लें अन्यथा नींद नहीं लेने पर शरीर में शिथिलता, तंद्रा एवं आलस्य छाया रहेगा। शरीर ठीक प्रकार से कार्य नहीं करेगा।

**इस समय होने वाले रोगः-**

इस मौसम में जुकाम, खांसी, नजला, ज्वर आदि रोग का प्रकोप होता है, अतएव आलस त्यागें, हल्का व्यायाम करें। हल्का भोजन करें। (स्वा. द.)


# रेसिपी कार्नर स्पेशल ठंडाई




होली का त्योहार रंगों, उमंग और स्वादिष्ट पकवानों के बिना अधूरा माना जाता है। इस खास मौके पर ठंडाई पीने की परंपरा सदियों पुरानी है। मेवे, मसालों और केसर से बनी ठंडाई न सिर्फ स्वाद में लाजवाब होती है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद मानी जाती है।

होली के दिन भागदौड़ और मस्ती के बीच ठंडाई शरीर को ठंडक पहुंचाती है और एनर्जी भी देती है। बाजार में तैयार ठंडाई आसानी से मिल जाती है, लेकिन घर पर बनी ठंडाई का स्वाद और शुद्धता अलग ही होती है।

अगर आप इस होली मेहमानों को कुछ खास परोसना चाहते हैं, तो घर पर पारंपरिक तरीके से स्पेशल ठंडाई जरूर बनाएं। आइए जानते हैं आसान रेसिपी और इसे बनाने के खास टिप्स।



**स्पेशल ठंडाई बनाने की सामग्री**

- 1 लीटर ठंडा दूध
- 8-10 बादाम
- 6-8 काजू
- 10-12 पिस्ता
- 2 बड़े चम्मच खरबूजे के बीज
- 1 बड़ा चम्मच खसखस
- 4-5 हरी इलायची
- 1 छोटा टुकड़ा दालचीनी
- 5-6 काली मिर्च
- कुछ केसर के धागे
- स्वादानुसार चीनी
- गुलाब की पंखुड़ियां

**बनाने की विधि**

सबसे पहले बादाम, काजू, पिस्ता, खसखस और खरबूजे के बीज को 3-4 घंटे के लिए पानी में भिगो दें, ताकि वे अच्छी तरह नरम हो जाएं। इसके बाद बादाम का छिलका उतार लें और सभी भीगे हुए मेवों को हरी इलायची, काली मिर्च और दालचीनी के साथ मिक्सर में डालकर थोड़ा-सा दूध मिलाते हुए बारीक और स्मूद पेस्ट तैयार कर लें।

अब एक बड़े बर्तन में ठंडा या उबला हुआ ठंडा किया हुआ दूध लें और उसमें तैयार किया गया मेवे वाला पेस्ट अच्छी तरह मिलाएं। स्वादानुसार चीनी डालकर तब तक चलाएं जब तक वह पूरी तरह घुल न जाए। इसके बाद 1-2 चम्मच गुनगुने दूध में भिगोए हुए केसर के धागे भी इसमें मिला दें, जिससे ठंडाई का रंग और खुशबू दोनों बढ़ जाएं।

अब तैयार मिश्रण को छलनी से छान लें ताकि ठंडाई एकदम स्मूद बने, फिर इसे 1-2 घंटे के लिए फ्रिज में ठंडा होने रखें। सर्व करते समय ऊपर से बारीक कटे पिस्ता, बादाम और गुलाब की पंखुड़ियां डालकर ठंडी-ठंडी सर्व करें।

# आज़ाद: वह महानायक, जिसने मृत्यु की शर्त भी स्वयं लिखी



डॉ. गिरिधर राय

**चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर विशेष**

जब हम आज़ाद की 95वीं पुण्यतिथि के मनाये हैं, तब यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि आज़ाद हमारे लिए क्या हैं? वे केवल प्रतिमाओं में जकड़े हुए नायक नहीं हैं, बल्कि वे अन्याय के विरुद्ध खड़ा होने वाला वह 'हड़कंप' हैं जो सत्ता के 'चौबारों' की नींद उड़ा देता है।

इतिहास की वीथिकाओं में कुछ नाम केवल अक्षरों के समूह नहीं होते, बल्कि वे जलते हुए अंगार होते हैं जो पीढ़ियों का पथ आलोकित करते हैं। 27 फरवरी 1931 की वह तारीख भारतीय शौर्य के आकाश में एक ऐसे नक्षत्र की याद दिलाती है, जिसने अपनी चमक से ब्रिटिश साम्राज्य के दंभ को धुंधला कर दिया था। प्रयागराज का वह अल्फ्रेड पार्क महज़ एक उद्यान नहीं, बल्कि आधुनिक भारत का वह कुरुक्षेत्र है जहाँ 'आज़ाद' रूपी अर्जुन ने अकेले ही अपनी 'बमतुल बुखारा' से साम्राज्यशाही की नींव हिला दी थी।

चंद्रशेखर के क्रांतिकारी जीवन का प्रारंभ काशी की पवित्र धरती पर हुआ। असहयोग आंदोलन के दौरान मात्र 15 वर्ष की आयु में जब वे गिरफ्तार हुए, तो न्यायालय में मजिस्ट्रेट के सामने उनका निर्भीक उत्तर इतिहास बन गया। नाम- आज़ाद, पिता का नाम- स्वाधीनता और घर- जेलखाना। इस धृष्टता से तिलमिलाए अंग्रेज जज ने उन्हें 15 कोड़े की सजा सुनाई। हर कोड़े के साथ जब उनकी कोमल खाल उधड़ रही थी, तब चीख के बजाय उनके मुख से 'वन्दे मातरम्' का जयघोष निकल रहा था।

**कोड़े पड़ते रहे बदन पर, जरा नहीं वह डोला था**
**हर कोड़े पर वंदे मातरम् - वंदे मातरम् बोला था**

यहीं से वह बालक 'चंद्रशेखर' से 'आज़ाद' बन गया।

1922 में जब चौरी-चौरा की घटना के बाद अचानक असहयोग आंदोलन वापस लिया गया, तो देश के हज़ारों युवाओं के साथ आज़ाद के मन में भी एक वैचारिक भूचाल आया। जैसा कि मैंने अपनी रचना 'आजाद:एक अमर सेनानी' में लिखा है:



**असहयोग उड़ गया अचानक,**
**चौरी-चौरा आंधी में,**
**आंदोलन को बंद कर दिया, क्या**
**ताकत थी गांधी में।**
**आहत हो मुड़ गये वीर फिर, शस्त्र**
**क्रांति की धारा में,**
**इंकलाब हड़कंप मचाया,**
**बिरतनियाँ चौबारा में।**

आज़ाद के नेतृत्व और साहस की सबसे बड़ी परीक्षा 9 अगस्त 1925 को 'काकोरी ट्रेन एक्शन' में हुई। पंडित रामप्रसाद 'बिस्मिल' के नेतृत्व में चली इस मुहिम में अशफ़ाक़ उल्ला खाँ, राजेंद्रनाथ लाहिड़ी, ठाकुर रोशन सिंह, शचींद्रनाथ बख़्शी, मन्मथनाथ गुप्त, मुकुंदी लाल, केशव चक्रवर्ती, बनवारी लाल और स्वयं चंद्रशेखर आज़ाद सहित इन दस जांबाजों ने सरकारी खजाना रोककर ब्रिटिश हुकूमत की चूलें हिला दीं। यह महज़ धन की लूट नहीं थी, बल्कि भारतीय जनता के स्वाभिमान की पुनर्स्थापना थी। इनमें से बनवारी लाल बाद में सरकारी गवाह बन गया था। इस ऐतिहासिक घटना के बाद जहाँ बिस्मिल, अशफ़ाक़, लाहिड़ी और रोशन सिंह ने हँसते-हँसते फाँसी के फंदे को चूम लिया, वहीं आज़ाद पुलिस की आँखों में धूल झोंकते हुए 'अजेय' बने रहे और संगठन की मशाल को बुझने नहीं दिया।

27 फरवरी 1931 की सुबह जब एक गद्दार की सूचना पर पुलिस ने प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क(अब आजाद पार्क) को घेरा, तब आज़ाद ने अपनी प्रतिज्ञा को सिद्ध करने का निर्णय लिया। एक ओर पूरी पुलिस फोर्स और दूसरी ओर मात्र एक पिस्तौल। जब तक उनकी पिस्तौल से गोलियाँ बरसती रहीं, ब्रिटिश साम्राज्य थर्राता रहा। अंततः, जब केवल एक गोली बची, तो उन्होंने अपनी उस शपथ को साकार किया कि आज़ाद ही रहे हैं, आज़ाद ही रहेंगे। उनके उस बलिदान पर मेरी ये पंक्तियाँ उस क्षण को जीवंत करती हैं:

**पिस्तौल हाथ, उर बीच खड़ी,**
**इंकलाब की ज्वाला थी,**
**वह मौत नहीं थी वीर! सत्य, वह**
**विजय-मुकुट की माला थी।**

स्वयं की ही गोली से उन्होंने अपनी पार्थिव देह को बलिदान कर दिया, लेकिन जीते-जी अपनी कलाई पर 'बिरतनियाँ' बेड़ियाँ नहीं सजने दी।

आज आज़ाद की पुण्यतिथि पर उनकी 'महागाथा' हमें सिखाती है कि यदि हृदय में राष्ट्र के प्रति निष्ठा हो, तो दुनिया की कोई भी ताकत आपको पराजित नहीं कर सकती।

## उच्च न्यायालय ने निजी विद्यालयों को शुल्क विनियमन समिति गठित करने के आदेश को स्थगित किया

**नयी दिल्ली:** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए निजी विद्यालयों को 'स्कूल स्तरीय फीस विनियमन समिति' (एसएलएफआरसी) गठित करने के दिल्ली सरकार के आदेश का अनुपालन शनिवार को स्थगित कर दिया।मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने कहा कि सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं के लंबित रहने के दौरान, एसएलएफआरसी का गठन स्थगित रहेगा और स्कूल शैक्षणिक वर्ष 2026-2027 के लिए वही फीस वसूलने के हकदार होंगे जो उन्होंने पिछले शैक्षणिक वर्ष में वसूली थी।पीठ ने कहा कि किसी भी प्रकार की अत्यधिक फीस को कानून के अनुसार विनियमित किया जाएगा।पीठ ने यह आदेश कई स्कूल संघों की याचिकाओं पर दिया। याचिकाओं में दिल्ली सरकार द्वारा एक फरवरी को जारी उस अधिसूचना पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया था जिसमें विद्यालयों को 10 दिनों के भीतर एसएलएफआरसी गठित करने को कहा गया था।

## पंजाब में आतंकी गिरोह का भंडाफोड़ करके आईईडी जब्त किया, दो व्यक्ति गिरफ्तार

**चंडीगढ़:** पंजाब पुलिस ने शनिवार को कहा कि उसने विदेश स्थित एक आतंकी गिरोह का भंडाफोड़ करके दो लोगों को गिरफ्तार करने के साथ आरडीएक्स से भरा और पूरी तरह से तैयार एक परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किया है।इसके साथ ही पुलिस ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करने का दावा किया है।पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एसएएस नगर पुलिस की राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी) ने खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान चलाया और एक विदेशी आतंकी गिरोह का भंडाफोड़ किया।उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान लगभग 2.5 किलोग्राम वजन का एक पूरी तरह से तैयार किया गया आरडीएक्स से भरा आईईडी, जिसमें दोहरे विस्फोट तंत्र (रिमोट और टाइमर) लगे थे, एक ग्लॉक पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया गया।डीजीपी ने बताया कि विदेशी एजेंटों के निर्देशों पर काम कर रहे दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है।उन्होंने बताया कि लक्षित लक्ष्य के संबंध में आगे के निर्देशों के लिए उन्होंने आईईडी को एसबीएस नगर बाईपास के पास छिपा दिया था।यादव ने कहा कि उपकरण पूरी तरह उपयोग के लिए तैयार था, जो सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक आसन्न खतरे का संकेत देता है।

## बांग्लादेश के साथ तनाव के बीच 2025 में भारत में विदेशी पर्यटकों के आगमन में 9.4 प्रतिशत की गिरावट

**नयी दिल्ली:** बांग्लादेश के साथ द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के बीच कम वीजा जारी किए जाने के कारण 2025 में भारत में आए विदेशी पर्यटकों की संख्या में 9.4 प्रतिशत की गिरावट आई और पिछले साल 90.2 लाख पर्यटक देश में आए।पर्यटन मंत्रालय के अनुसार, 2025 में इससे पिछले वर्ष की तुलना में बांग्लादेश से आए पर्यटकों की संख्या में 73.37 प्रतिशत की गिरावट आई। आंकड़ों के अनुसार, 2025 में बांग्लादेशी पर्यटकों की कुल संख्या 4,66,012 रही, जो 2024 में 17,50,165 थी।भारत ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पांच अगस्त, 2024 के बाद बांग्लादेशी नागरिकों के लिए वीजा जारी किए जाने पर प्रतिबंध लगा दिए थे। बांग्लादेश में जुलाई-अगस्त 2024 में छात्रों के नेतृत्व में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के अपदस्थ होने के बाद से ढाका और नयी दिल्ली के संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। हालांकि, बांग्लादेश को छोड़ दिया जाए, तो 2025 में विदेशी पर्यटकों की संख्या में 4.25 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे संकेत मिलता है कि पर्यटकों की कुल संख्या में गिरावट का बड़ा कारण पड़ोसी देश से आने वाले लोगों की संख्या में तेज गिरावट रहा।पिछले साल अमेरिका से सर्वाधिक पर्यटक भारत आए। अमेरिका से आने वाले पर्यटकों की संख्या 18.1 लाख रही। इसके बाद ब्रिटेन से 10.7 लाख पर्यटक आए। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया (5.4 लाख) और कनाडा (5.3 लाख) से उल्लेखनीय संख्या में पर्यटक आए। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 के दौरान भारत से 327.1 लाख पर्यटक विदेश गए जो 2024 की तुलना में 5.9 प्रतिशत और 2019 की तुलना में 21.5 प्रतिशत अधिक है।

# मार्च- मई के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में रह सकता लू का कहर : आईएमडी



**नयी दिल्ली:** इस साल मार्च से मई महीने के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में लू से प्रभावित दिनों की संख्या सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को अपने मासिक पूर्वानुमान में यह जानकारी दी। आईएमडी के मुताबिक इन क्षेत्रों में पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, दक्षिणी और पूर्वी महाराष्ट्र, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिमी बंगाल में गंगा के मैदान, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और उत्तरी कर्नाटक और उत्तरी तमिलनाडु के कुछ हिस्से शामिल हैं। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया, ''मार्च-अप्रैल-मई के दौरान सामान्य से अधिक दिनों तक लू के प्रकोप की आशंका सार्वजनिक स्वास्थ्य, जल संसाधनों, बिजली की मांग और आवश्यक सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण जोखिम पैदा कर सकती है, विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों, खुले में काम करने वाले श्रमिकों और पहले से बीमार व्यक्तियों के लिए।' हालांकि, मार्च के दौरान, पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत, पश्चिमी हिमालय क्षेत्र के कुछ हिस्सों और मध्य और प्रायद्वीपीय भारत को छोड़कर, देश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है। इस बीच, उत्तर-पश्चिमी भारत के कुछ हिस्सों, दक्षिणी प्रायद्वीप और पूर्वी तट के कुछ हिस्सों को छोड़कर, देश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य रहने की संभावना है, जहां मार्च के दौरान न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है। उन्होंने कहा, ''ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि मार्च 2026 के दौरान भारत में औसत वर्षा सामान्य रहने की संभावना है। 1971 से 2020 तक के आंकड़ों के आधार पर, मार्च के दौरान देश में दीर्घकालिक औसत वर्षा (एलपीए)लगभग 29.9 मिमी है।' आईएमडी के मुताबिक देश के कई हिस्सों में मार्च में सामान्य से अधिक वर्षा होने की उम्मीद है जबकि उत्तरपूर्वी भारत और उत्तर-पश्चिमी और पूर्वी-मध्य भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा हो सकती है।मौसम विभाग के मुताबिक वर्तमान में भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में कमजोर ला नीना (समुद्री धारा) की स्थिति बनी हुई है। लेकिन वैश्विक मॉडलों और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मानसून मिशन जलवायु पूर्वानुमान प्रणाली (एमएमसीएफएस) के पूर्वानुमानों के अनुसार, आने वाले महीनों में तटस्थ अल नीनो दक्षिणी दोलन (ईएनएस-ओ) की स्थिति फिर से लौट सकती है। आईएमडी ने फरवरी के दौरान मौसम की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा भारत में इस वर्ष फरवरी में वर्ष 2001 के बाद सबसे कम बारिश दर्ज की गई।इसके मुताबिक, 'फरवरी माह में पूरे भारत में कहीं शीत लहर नहीं चली, दिन का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया।

# आरएसएस को समझने के लिए इसका स्वयं अनुभव लेना होगा: मोहन भागवत



**कुरुक्षेत्र:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि संस्कृति, मूल्य, नैतिकता और सही आचरण संगठन का मूल आधार है और इसे समझने के लिए, व्यक्ति को इसे भीतर से अनुभव करना होगा।भागवत ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में शिक्षाविदों, सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारियों और न्यायाधीशों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक स्वस्थ और मजबूत समाज के निर्माण के लिए नैतिक मूल्यों, अनुशासित आचरण, सांस्कृतिक आधार और प्रतिबद्ध प्रयास का सामंजस्यपूर्ण मिश्रण आवश्यक है। यह कार्यक्रम आरएसएस के शताब्दी समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था।आरएसएस द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक भागवत ने अपने भाषण में 'कुटुंब प्रबोधन' (परिवारिक जागृति) के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि परिवारों को सार्थक संवाद की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा, ''घरों में हार्दिक संवाद को बढ़ावा देना चाहिए जहां बच्चे सही और गलत के बीच अंतर करना सीखें।' भागवत ने कहा कि केवल उपदेश ही पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि केवल एक स्वस्थ और मूल्य-उन्मुख वातावरण ही व्यक्तियों को भटकने से रोक सकता है। उन्होंने कहा कि समृद्धि के समय में कई लोग एक साथ खड़े होते हैं, लेकिन विपत्ति के समय ही परिवार और सामाजिक मूल्यों की ताकत की परीक्षा होती है।आरएसएस प्रमुख ने कहा, ''यदि कोई व्यक्ति असफल हो जाता है या बुरी संगत में पड़ जाता है, तो परिवार और समाज का यह दायित्व है कि वे उसका मार्गदर्शन और समर्थन करें। मूल्यों पर आधारित वातावरण का निर्माण करना समय की आवश्यकता है, क्योंकि इससे जिम्मेदार और संवेदनशील, मजबूत चरित्र वाले व्यक्ति तैयार होते हैं।''भागवत ने आरएसएस के बारे में कहा कि संगठन को केवल बाहरी अवलोकन या प्रचलित विमर्शों के माध्यम से नहीं समझा जा सकता है। भागवत ने कहा,' संघ को समझने के लिए, इसे भीतर से अनुभव करना आवश्यक है।' उन्होंने दावा किया कि इसकी कार्यशैली अद्वितीय है।

# आंध्र में पटाखा निर्माण इकाई में विस्फोट से 21 लोगों की मौत, आठ घायल



**वेटलापलेम :** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में शनिवार को एक पटाखा निर्माण इकाई में हुए विस्फोट में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गयी और आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आंध्र प्रदेश के मंत्री कंडुला दुर्गेश ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के घटनास्थल का दौरा कर सकते हैं।मंत्री ने पत्रकारों को बताया, जहां तक मुझे पता है, यहां (घटनास्थल पर) 21 शव देखे गए हैं। आठ अन्य लोगों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। निर्माण इकाई में लगभग 30 लोग थे। उन्होंने कहा, यह राज्य का सबसे बड़ा विस्फोट है। पूरी जानकारी मिलनी अभी बाकी है। किसी के भी बचने की कोई संभावना नहीं है। कुछ लोगों का इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं। सभी मजदूर समाज के गरीब तबके से थे। मुख्यमंत्री परिवारों को सहायता देने के संबंध में निश्चित रूप से निर्णय लेंगे। उन्होंने बताया, लेकिन हम जिंदगियां वापस नहीं ला सकते। मुझे पता चला है कि विस्फोट के समय इकाई में काफी मात्रा में स्टॉक मौजूद था। इसलिए एक छोटी घटना भी बड़ी दुर्घटना में तब्दील हो गयी, क्योंकि सभी चीजें विस्फोटक प्रकृति की थीं। यह विस्फोट आपराह्न करीब दो बजे हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि काकीनाडा जिले में पटाखा निर्माण इकाई में हुए विस्फोट से उन्हें गहरा दुख हुआ है।सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) की ओर से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी, जबकि घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।मोदी ने कहा, आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में एक कारखाने में हुए विस्फोट में हुई जानमाल की हानि से मैं व्यथित हूं। मैं अपनों को खोने वाले सभी लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मृतकों के प्रति शोक व्यक्त किया। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आंध्र प्रदेश में एक पटाखा कारखाने में हुए भीषण अग्निकांड से मैं अत्यंत व्यथित हूं। बचाव और राहत कार्य जारी हैं और घायलों को चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है। मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं और मैं प्रभावित लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करता हूं। एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने 'सूर्या फायरवर्क्स' में पटाखा निर्माण श्रमिकों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। नायडू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, काकीनाडा जिले के वेटलापलेम गांव में पटाखा निर्माण इकाई में विस्फोट की घटना में कई लोगों की मौत बेहद दुखद है। नायडू ने कहा कि उन्होंने दुर्घटना के संबंध में अधिकारियों से बात की और उन्हें पीड़ितों को तत्काल सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, हम बचाव प्रयासों पर नजर रख रहे हैं और प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए आगे आएंगे।

## केजरीवाल आबकारी नीति मामले में आर-ोपमुक्त होने के बाद हनुमान मंदिर पहुंचे



**नयी दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल दिल्ली की एक अदालत द्वारा आबकारी नीति मामले में आर-ोपमुक्त किए जाने के एक दिन बाद शनिवार को कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे। पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सत्ताधारी पार्टी दावा कर रही है कि यह आदेश अधीनस्थ अदालत का है और उच्च न्यायालय में अपील का विकल्प अब भी मौजूद है, लेकिन 'सर्वोच्च अदालत भगवान हनुमान हैं, जिनका हम पर आशीर्वाद है। 'भारद्वाज ने कहा कि पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व रविवार को जंतर-मंतर पर इकट्ठा होगा, जहां केजरीवाल सभा को संबोधित करेंगे और भविष्य की रणनीति बताएंगे। दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को निरस्त हो चुकी आबकारी नीति से जुड़े मामले में आरोपमुक्त कर दिया।मंदिर में दर्शन के लिए केजरीवाल के साथ सिसोदिया, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और दुर्गेश पाठक समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। कोंडली से विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि केजरीवाल ईमानदार हैं और भगवान बजरंगबली के आशीर्वाद से उन्हें राजनीतिक लड़ाई में मजबूती मिली है।

## सीमा पार से मादक पदार्थ, अवैध हथियारों की तस्करी के दो गिरोहों का भंडाफोड़, 10 लोग गिरफ्तार: पुलिस




**चंडीगढ़:** पंजाब पुलिस ने सीमा के उस पार से मादक पदार्थों और अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले दो संगठित गिरोहों का भंडाफोड़ करते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तान स्थित तस्करों के संपर्क में थे। उन्होंने बताया कि हेरोइन और अवैध हथियारों की तस्करी भारतीय क्षेत्र में की जा रही थी तथा एक गिरोह के माध्यम से उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में वितरित किया जा रहा था। डीजीपी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'एक बड़ी सफलता में अमृतसर पुलिस आयुक्तालय ने सीमा पार से मादक पदार्थ और अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले दो संगठित गिरोहों का भंडाफोड़ किया है तथा कम से कम 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और 5.438 किलोग्राम हेरोइन, तीन आधुनिक पिस्तौल, 34 कारतूस और मादक पदार्थ से अर्जित 4500 रुपये बरामद किए हैं।'

## बड़ी संख्या में विधि स्नातकों का कॉरपोरेट नौकरियां चुनना चिंताजनक है: प्रधान

**अहमदाबाद:** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि यदि बड़ी संख्या में विधि स्नातक अदालतों में वकालत करने के बजाय कॉरपोरेट कंपनियों में नौकरियां करने का विकल्प चुन रहे हैं तो स्थिति चिंताजनक है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने अहमदाबाद स्थित गुजरात राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (जीएनएलयू) के 16वें दीक्षांत समारोह में विधि स्नातकों को संबोधित करते कहा कि कक्षाएं वह नहीं सिखा सकती जो व्यावहारिक अनुभव सिखाता है। सीजेआई ने कहा, 'जैसा कि (जीएनएलयू) के कुलपति प्रोफेसर डॉ एस शांताकुमार ने बताया, यदि इस विश्वविद्यालय के द्वार के बाहर आप में से 93 प्रतिशत को कॉरपोरेट संस्थाएं नौकरी पर रख रही हैं तो इससे मेरी चिंता बढ़ जाती है क्योंकि भारतीय न्यायपालिका के एक बहुत स्वार्थी प्रमुख के रूप में मैं यह मानता हूं कि राष्ट्रीय विधि विद्यालय बार और पीठ के अधिक से अधिक सदस्य तैयार करेंगे।' उन्होंने विधि स्नातकों से वकील के रूप में अपने करियर के शुरुआती दिनों की यादें साझा कीं और उन्हें कानून पढ़ने एवं वास्तविक अदालत कक्ष में वकालत करने के बीच का अंतर समझाया।

## बारामती विमान दुर्घटना : प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में हादसे के समय अपेक्षित दृश्यता कम होने का दावा



**नयी दिल्ली:** वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने बारामती विमान दुर्घटना पर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट शनिवार को जारी की, जिसमें कहा गया है कि दुर्घटना के समय दृश्यता अपेक्षित स्तर से कम थी। बारामती के पास 28 जनवरी को वीएसआर वेंचर के लेयरजेट विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और चार अन्य लोगों की मृत्यु हो गई थी।एएआईबी ने बारामती में रनवे पर धुंधले चिह्नों और रनवे की सतह पर पड़ी बजरी को लेकर चिंता जताई है। इसने यह भी सिफारिश की कि विमानन नियामक डीजीसीए अनियमित हवाईअड्डों पर वीएफआर उड़ानें संचालित करने वाले सभी संचालकों को निर्धारित मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का सख्ती से पालन करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी कर सकता है।एएआईबी ने शनिवार को कहा कि 'सॉलिड स्टेट कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर' (एसएससीवीआर) से डेटा अमेरिकी राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) की सहायता से डाउनलोड किया जाएगा। एएआईबी ने कहा कि दुर्घटना वाले दिन टावर पर एफटीओ (उड़ान प्रशिक्षण संगठन) का एक 'ग्राउंड इंस्ट्रक्टर' तैनात था, जो लैंडिंग में सहायता के लिए विमान से संवाद कर रहा था।रिपोर्ट में कहा गया, ''बारामती के पास पहुंचते समय वीटी-एसएसके के चालक दल ने दृश्यता के बारे में पूछा, जिस पर टावर ने 3,000 मीटर की दृश्यता बताई। लैंडिंग की अनुमति देते समय टावर ने बताया कि हवा शांत है।'

## असम में 5.93 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त, तीन लोग गिरफ्तार



**गुवाहाटी:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि दो अभियानों में 5.93 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया।शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर शुक्रवार रात किए पोस्ट में कहा, 'दो अभियान, एक संदेश: राजमार्गों से लेकर घरों तक – मादक पदार्थों के तस्करों के लिए छिपने की कोई जगह नहीं। 'उन्होंने बताया कि 'याबा' की 83,399 गोलियां और 10 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। मादक पदार्थ की कुल कीमत 5.93 करोड़ रुपये थी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने साणंद में माइक्रोन टेक्न-ोलॉजी के सेमीकंडक्टर संयंत्र का उद्घाटन किया




**साणंद:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सेमीकंडक्टर संयंत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर में अपनी ताकत के लिए पहचाने जाने के बाद अब देश हार्डवेयर क्षेत्र में भी अपनी विशिष्ट पहचान मजबूती से स्थापित कर रहा है।उन्होंने कहा कि अमेरिका स्थित कंपनी के एटीएमपी (संयोजन, परीक्षण, अंकन और पैकेजिंग) संयंत्र का उद्घाटन भारत और अमेरिका के बीच गहरी साझेदारी को दर्शाता है।मोदी ने कहा कि दुनिया तक यह संदेश साफ और स्पष्ट रूप से पहुंच गया है कि भारत सक्षम है, भारत प्रतिस्पर्धी है और भारत प्रतिबद्ध है।उन्होंने कहा, ''सॉफ्टवेयर की ताकत के लिए लंबे समय से पहचाने जाने वाला भारत अब हार्डवेयर क्षेत्र में भी अपनी पहचान मजबूती से बना रहा है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आयोजन भारत और अमेरिका के बीच मजबूत सहयोग का प्रमाण है, विशेष रूप से एआई और चिप प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में, जहां दोनों देशों के बीच साझेदारी बहुत महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा, 'दुनिया ने 20वीं सदी के दौरान औद्योगिक क्रांति का दौर देखा। उस समय जो देश कारखानों, मशीनों और बड़े पैमाने पर उत्पादन में आगे थे, उन्होंने तेजी से प्रगति की। लेकिन यह सदी एआई क्रांति की है और सेमीकंडक्टर इस बदलाव का सेतु हैं। छोटी सी चिप औद्योगिक क्रांति और एआई क्रांति दोनों को जोड़ने का माध्यम है।' उन्होंने कहा, ' अगर पिछली सदी में तेल की अहमियत थी, तो इस सदी की दिशा तय करने वाले माइक्रोचिप्स होंगे। इसी विचार को ध्यान में रखते हुए, भारत ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ने का फैसला किया।''उन्होंने उल्लेख किया कि देश ने अपने 'सेमीकंडक्टर मिशन' की घोषणा उस समय की थी जब दुनिया कोविड महामारी से जूझ रही थी। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, 'महामारी के दौरान सब कुछ बिखरता हुआ महसूस हो रहा था, लेकिन जो बीज हमने दृढ़ विश्वास के साथ बोए थे, वे अब बढ़ रहे हैं और फल दे रहे हैं।' उन्होंने कहा कि भारत तेजी से वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला का एक अभिन्न अंग बन रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी सरकार ने अब तक 'सेमीकॉन इंडिया' कार्यक्रम के तहत 10 परियोजनाओं को मंजूरी दी है और माइक्रोन संयंत्र के अलावा तीन और परियोजनाओं में बहुत जल्द उत्पादन शुरू होने वाला है। उन्होंने कहा, 'हम जो सेमीकंडक्टर परिवेश बना रहे हैं, वह किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, यह पूरे भारत के लिए है।' नोएडा (उत्तर प्रदेश), असम, ओडिशा और पंजाब में स्थित परियोजनाओं पर काम शुरू हो गया है।मोदी ने कहा कि इस बजट में 'भारत सेमीकंडक्टर मिशन 2.0' की घोषणा की गई है। इसका उद्देश्य यह है कि जैसे-जैसे उत्पादन बढ़ेगा, भारत में सामग्री घटकों और सेवाओं की मांग भी बढ़ेगी। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन और निर्यात में पिछले 11 वर्षों में हुई भारी वृद्धि पर भी प्रकाश डाला।

### प्रधानमंत्री मोदी ने साणंद में किया रोड शो



**साणंद:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार दोपहर को अपने गृहराज्य गुजरात के अहमदाबाद जिले में स्थित साणंद कस्बे में रोड शो किया।प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत और अभिवादन करने के लिए बड़ी संख्या में लोग उन सड़कों के दोनों किनारों पर खड़े नजर आए जहां से उनका काफिला गुजरा। लोगों के हाथों में तिरंगा था और कई लोगों ने प्रधानमंत्री पर फूल बरसाए।अधिकारियों ने बताया कि मोदी माइक्रोन टेक्नोलॉजी के अत्याधुनिक सेमीकंडक्टर एटीएमपी (असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग) संयंत्र का उद्घाटन करने के लिए साणंद में हैं।सरकार द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, एटीएमपी सुविधा में एसएसडी सॉलिड स्टेट ड्राइव स्टोरेज डिवाइस के साथ-साथ रैम की तरह के डीआरएम और एनएएनडी उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। विज्ञप्ति के मुताबिक कंपनी ने अपने साणंद संयंत्र के लिए 22,516 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

## असम के मुख्यमंत्री ने चुनाव से पहले भाजपा की 'जन आशीर्वाद यात्रा' की शुरुआत की



**ढेकियाजुली (असम):** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को सोनितपुर जिले के ढेकियाजुली से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई की 'जन आशीर्वाद यात्रा' की शुरुआत की। पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री ने भाजपा की सत्ता बरकरार रखने और विकसित एवं सुरक्षित असम की यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए लोगों का समर्थन मांगा। पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष दिलीप सैकिया, केंद्रीय मंत्री पवित्र मार्गेरिटा और अन्य शीर्ष नेताओं के साथ शर्मा एक खुली वैन पर खड़े होकर जुलूस का नेतृत्व कर रहे थे। सड़कों के दोनों ओर कतार में खड़े लोगों ने फूल एवं पारंपरिक पटका भेंट कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया और नेता उत्साहित भीड़ की ओर हाथ हिला रहे थे। शर्मा ने यात्रा शुरू करने से पहले अपने संबोधन में कहा, 'यह 2014 की बात है जब आप सभी ने नरेन्द्र मोदी जी पर विश्वास जताया और उन्हें प्रधानमंत्री चुना। आप (जनता) ने 2016 में सर्वानंद सोनोवाल के नेतृत्व में असम में भाजपा की पहली सरकार स्थापित की।' मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि हालांकि इस सफर में गलतियां हुई होंगी या कुछ चीजें लोगों की इच्छा के अनुरूप नहीं हुई होंगी, लेकिन यह प्रयासों में किसी प्रकार की ढिलाई के कारण नहीं था। उन्होंने कहा, 'और यही कारण है कि आज हमारे पास एक विकसित और सुरक्षित असम है। मेरी सभी से अपील है कि भाजपा को सत्ता में बने रहने में मदद करें ताकि हम इस यात्रा में राज्य को आगे ले जाना जारी रख सकें।' यात्रा शुरू करने से पहले मुख्यमंत्री ने ढेकियाजुली स्थित गुप्तेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना की। ढेकियाजुली के अलावा, पहले दिन यात्रा बोरसोला, तेजपुर, नाडुआ और रोंगापारा विधानसभा क्षेत्रों को भी हुई।पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सैकिया ने पहले कहा था कि यह यात्रा प्रतिदिन लगभग 70-80 किलोमीटर की दूरी तय करेगी, जिसका लक्ष्य प्रतिदिन लगभग एक लाख लोगों तक पहुंचना है। उन्होंने कहा था कि आगामी विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी के दृष्टिकोण, उपलब्धियों और संगठनात्मक लक्ष्यों को लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'जन आशीर्वाद यात्रा' का आयोजन किया गया है।

# जम्मू कश्मीर ने 67 साल का इंतजार खत्म करके पहली बार जीता रणजी ट्रॉफी का खिताब




**हुबली :** जम्मू कश्मीर ने अपने जोश और जज्बे का शानदार नमूना पेश करते हुए शनिवार को यहां कर्नाटक के खिलाफ ड्रॉ रहे फाइनल में पहली पारी की बढ़त के आधार पर पहली बार रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीतकर 67 साल का इंतजार खत्म किया और अपना नाम इतिहास में दर्ज कर दिया। जम्मू कश्मीर ने यह शानदार जीत आठ बार के चैंपियन कर्नाटक के खिलाफ दर्ज की। उसने पांच दिन तक चले मुकाबले में शुरू से ही अपना दबदबा बनाए रखा और इस सत्र में अपने अभियान का शानदार अंत किया। जम्मू कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 584 रन बनाए थे जिसके जवाब में कर्नाटक की टीम 293 रन ही बना पाई थी। इस तरह से जम्मू कश्मीर को 291 रन की बढ़त मिली और उसने कर्नाटक को फॉलोआन के लिए आमंत्रित करने की बजाय दूसरी पारी खेलने का फैसला किया। मैच के पांचवें और अंतिम दिन जम्मू कश्मीर ने जब अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 342 रन बनाए थे तब दोनों टीम के कप्तान मैच को ड्रॉ करने पर सहमत हो गए और जम्मू कश्मीर पहली बार चैंपियन बन गया। इस तरह से जम्मू कश्मीर में अपनी कुल बढ़त 633 रन कर दी थी। जम्मू कश्मीर ने सुबह अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 186 रन से आगे बढ़ाई। कामरान इकबाल और साहिल लोत्रा ने कर्नाटक को एक भी सफलता हासिल नहीं करने दी और नाबाद शतक लगाए। इससे जम्मू कश्मीर के दबदबे का पता चलता है। जब मैच ड्रॉ करने पर सहमति बनी उस समय सुबह अपनी पारी 94 रन से आगे बढ़ाने वाले इकबाल 160 और लोत्रा 101 रन पर खेल रहे थे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना पहला शतक लगाने वाले लोत्रा ने सुबह अपनी पारी 16 रन से आगे बढ़ाई थी। रणजी ट्रॉफी का इतिहास 92 साल पुराना है लेकिन जम्मू कश्मीर की टीम ने 67 साल पहले पहली बार इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। एक समय उसे कमजोर टीम माना जाता था लेकिन अब उसने अपने कौशल और दृढ़ संकल्प से खुद को मजबूत टीम साबित कर दिया। जम्मू-कश्मीर 2013-14, 2019-20 और 2024-25 के सत्र में क्वार्टर फाइनल में पहुंचा था, लेकिन लेकिन वह इससे आगे बढ़ने में नाकाम रहा था। लेकिन केएससीए स्टेडियम में पिछले पांच दिनों में किसी भी समय ऐसा नहीं लगा कि उसके खिलाड़ी पहली बार रणजी ट्रॉफी का फाइनल खेल रहे हैं। उसकी यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने उस टीम को हराया जिसके पास कई स्टार भारतीय खिलाड़ी हैं। यह सही मायने में एक टीम प्रयास था जिसने कमज़ोर मानी जाने वाली टीम को खिताब तक पहुंचाया। तेज गेंदबाज आकिब नबी फाइनल में भी उतने ही प्रभावशाली रहे जितने कि वे इस पूरे सत्र में रहे थे। उन्होंने इस सत्र में सात बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। फाइनल में लोत्रा ने एक अर्धशतक और एक शतक बनाया, कप्तान पारस डोगरा रणजी ट्रॉफी में 10,000 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने, जबकि यावर हसन, अब्दुल समद और कन्हैया वधवान ने अर्धशतक बनाये।

## मोदी ने जम्मू-कश्मीर को पहला रणजी ट्रॉफी का खिताब जीतने पर बधाई दी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम को पहली बार रणजी ट्रॉफी जीतने पर बधाई दी और कहा कि यह ऐतिहासिक सफलता खिलाड़ियों के अद्वितीय जज्बे, अनुशासन और जुनून को दिखाती है और यह स्थानीय लोगों के लिए गर्व का पल है। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि यह उपलब्धि कई युवा खिलाड़ियों को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करेगी। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''जम्मू-कश्मीर टीम को पहली बार रणजी ट्रॉफी जीतने पर बधाई। यह ऐतिहासिक जीत टीम के असाधारण जज्बे, अनुशासन और जुनून को दिखाती है। यह जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए गर्व का पल है और यह वहां खेल के प्रति बढ़ते जुनून और प्रतिभा को दिखाती है।''

## चैंपियन बनने में मदद करने से खुद चैंपियन बनने की जम्मू-कश्मीर की खूबसूरत कहानी: तेंदुलकर

कश्मीर 'विलो' (जिस लकड़ी से बल्ले का निर्माण होता है) सचिन तेंदुलकर जैसे दिग्गज क्रिकेटरों के सफर का हिस्सा रही है और इस महान खिलाड़ी ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर को रणजी ट्रॉफी में मिली सफलता को क्रिकेट के लिए मददगार से लेकर चैंपियन बनने तक का एक 'खूबसूरत' बदलाव करार दिया। जम्मू-कश्मीर ने हुबली में खेले गए फाइनल मुकाबले में आठ बार की विजेता कर्नाटक को पहली पारी में बढ़त के आधार पर हराकर देश की सबसे प्रतिष्ठित प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता जीतकर इतिहास रच दिया। अनुभव के लिहाज से दोनों टीमों के बीच काफी अंतर होने के बावजूद यह मैच एकतरफा साबित हुआ। कर्नाटक की टीम में केएल राहुल, मयंक अग्रवाल, कप्तान देवदत्त पडिक्कल और प्रसिद्ध कृष्णा सहित चार भारतीय टेस्ट क्रिकेटर शामिल थे।

## खिताब तक का सफर लंबा रहा, अब जम्मू-कश्मीर में नए स्टेडियम चाहिए: बीसीसीआई अध्यक्ष मन्हास

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष मिथुन मन्हास जम्मू-कश्मीर को अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीतते देखकर बहुत खुश थे लेकिन उनकी व्यावहारिक सोच अब घाटी में नए स्टेडियमों के निर्माण पर केंद्रित है ताकि क्रिकेट को और आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने संकेत दिया कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद अब समय आ गया है कि जम्मू-कश्मीर में आधुनिक क्रिकेट बुनियादी ढांचे का विस्तार किया जाए जिससे युवा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और अवसर मिल सकें। जम्मू-कश्मीर ने 67 साल की मेहनत के बाद आठ बार के चैंपियन कर्नाटक से ड्रॉ कराकर बढ़त के आधार पर यह प्रतिष्ठित खिताब जीता।

# भारत-वेस्टइंडीज मुकाबला आज, जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में करेगी प्रवेश

**नई दिल्ली :** टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में आज भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाला मुकाबला 'करो या मरो' की स्थिति में बदल गया है। इस मैच की विजेता टीम सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश करेगी, जबकि हारने वाली टीम का सफर यहीं समाप्त हो जाएगा। ऐसे में दोनों टीमों के बीच कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने की पूरी उम्मीद है।भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अब तक संतुलित प्रदर्शन किया है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी निभाई है, जबकि मध्यक्रम ने भी जरूरत पड़ने पर उपयोगी योगदान दिया है। गेंदबाजी विभाग में तेज गेंदबाजों और स्पिनरों ने परिस्थितियों के अनुसार प्रभाव छोड़ा है। टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि बड़े मैच का दबाव खिलाड़ी संभालेंगे और निर्णायक क्षणों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।दूसरी ओर वेस्टइंडीज की टीम अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जानी जाती है। उसके बल्लेबाज शुरुआती ओवरों से ही बड़े शॉट खेलने में विश्वास रखते हैं। यदि शीर्ष क्रम चल निकला तो भारत के गेंदबाजों के लिए चुनौती बढ़ सकती है। हालांकि कैरेबियाई टीम की गेंदबाजी में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है, जिसे उसे इस अहम मुकाबले में सुधारना होगा।पिच से बल्लेबाजों को मदद मिलने की संभावना है, जिससे हाई स्कोरिंग मैच हो सकता है। टॉस की भूमिका भी अहम रहेगी, क्योंकि लक्ष्य का पीछा करना अपेक्षाकृत आसान माना जा रहा है। दोनों टीमों के कप्तानों ने मैच से पहले आत्मविश्वास जताया है और कहा है कि खिलाड़ी सकारात्मक मानसिकता के साथ मैदान पर उतरेंगे।क्रिकेट प्रेमियों की नजरें इस महामुकाबले पर टिकी हैं। भारत और वेस्टइंडीज के बीच ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता रही है, जिससे मुकाबले का रोमांच और बढ़ गया है। अब देखना यह होगा कि दबाव में कौन सी टीम बेहतर खेल दिखाती है और सेमीफाइनल का टिकट अपने नाम करती है।



## तिलक छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आदर्श दिख रहे हैं: सहायक कोच टेन डोएशे

**कोलकाता :** भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे का मानना है कि तिलक वर्मा छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आदर्श हैं जिससे मेजबान टीम को पारी के आखिर में जरुरी आक्रामकता मिलेगी। लेकिन रविवार को यहां टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ 'वर्चुअल क्वार्टर-फाइनल में ऐसा जरूरी नहीं है। टूर्नामेंट के पहले पांच मैच में खराब प्रदर्शन के बाद टीम ने मुंबई इंडियंस के इस स्टाइलिश बल्लेबाज को जिम्बाब्वे के खिलाफ छठे नंबर पर भेजने का फैसला किया। उन्होंने अपनी नयी भूमिका में 16 गेंदों में 44 रन बनाए जिसमें चार छक्के और तीन चौके शामिल थे और उनका स्ट्राइक-रेट 275 का था। डोएशे ने कहा, ''नहीं, यह पहले से तय नहीं है कि वह कल पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। मुझे लगा कि उस रात वह छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाला बल्लेबाज दिख रहा था। वह ऐसे लग रहा था कि वह सच में सहज है। ''

## वरुण अब भी नंबर एक टी20 गेंदबाज हैं: डेरेन सैमी

**कोलकाता :** वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने रविवार को यहां ईडन गार्डन्स में टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ अपने 'वर्चुअल क्वार्टरफाइनल' से पहले कहा कि पिछले दो मैच में रन लुटाने के बावजूद वरुण चक्रवर्ती टी20 क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बने हुए हैं। चक्रवर्ती ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने चार ओवर में 47 रन दिए। भारत के पिछले सुपर आठ मैच में जिम्बाब्वे जैसी कमजोर टीम के खिलाफ भी उन्हें संघर्ष करना पड़ा। लेकिन सैमी ने साफ किया कि कुछ खराब प्रदर्शन से चक्रवर्ती का नंबर एक गेंदबाज होने का रुतबा कम नहीं होता।

## मोहन बागान एसजी ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग को 5-1 से रौंदा

**कोलकाता :** मोहन बागान सुपर जायंट ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल के कोलकाता डर्बी में शनिवार को यहां मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब को 5-1 से करारी शिकस्त दी। इस जीत से मोहन बागान नौ अंकों के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। गोल अंतर के आधार पर मोहन बागान ने जमशेदपुर एफसी से आगे निकल गया है, जबकि मोहम्मडन स्पोर्टिंग बिना किसी अंक के सबसे निचले पायदान पर खिसक गया है। रॉबसन अजेवेडो को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

## सलमान आगा का पाकिस्तान के टी20 टीम के कप्तान पद से हटना लगभग तय

**कराची :** पाकिस्तान टीम के कप्तान सलमान अली आगा को मौजूदा आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप में टीम के अभियान के बाद अपने पद से हटा दिया जायेगा। आगा के अलावा टीम के कुछ अन्य अनुभवी खिलाड़ियों के लिए यह आखिरी टी20 टूर्नामेंट हो सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार अध्यक्ष मोहसिन नकवी इस वैश्विक आयोजन में टीम के प्रदर्शन से ''असंतुष्ट'' हैं। सूत्र ने शनिवार को बताया, ''नकवी बिल्कुल भी खुश नहीं हैं, क्योंकि इस बार उन्हें चयनकर्ताओं, टीम प्रबंधन और बोर्ड में उनके करीबी सहयोगियों ने भरोसा दिलाया था कि टीम विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करेगी।''

## खेल मंत्रालय का डीसीसीआई को भारत या भारतीय शब्द का उपयोग बंद करने का निर्देश

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय खेल मंत्रालय ने भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) को निर्देश दिया है कि वह अपने नाम या गतिविधियों में 'इंडिया (भारत)' या 'इंडियन (भारतीय)' शब्दों का उपयोग न करे, क्योंकि उसे राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है। मंत्रालय ने डीसीसीआई के सचिव रवि कांत चौहान को भेजे पत्र में स्पष्ट किया कि 'इंडिया' या 'इंडियन' शब्दों का उपयोग करने की केवल उन्हीं निकायों को अनुमति है, जिन्हें सरकार से आधिकारिक मान्यता प्राप्त है। इसी प्रकार के पत्र भारतीय महिला फुटबॉल महासंघ और भारतीय बॉडी बिल्डर महासंघ सहित अन्य संगठनों को भी भेजे गए हैं। पत्र में कहा गया है, '' विभाग के संज्ञान में आया है कि आपकी संस्था, अर्थात 'भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद', 'भारत' शब्द का उपयोग कर रही है, जबकि इसे इस मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल महासंघ के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है। मंत्रालय ने चेतावनी भरे लहजे में कहा, ''आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने संगठन के नाम और किसी भी गतिविधि में 'इंडिया' या 'इंडियन' शब्दों का उपयोग तत्काल प्रभाव से बंद करें। अनधिकृत उपयोग पर प्रचलित नियमों और लागू कानूनों के तहत उचित कार्रवाई की जा सकती है।'' भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने डीसीसीआई को औपचारिक रूप से मान्यता नहीं दी है, फिर भी उसे भारतीय बोर्ड का समर्थन प्राप्त है। उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई स्वयं भी आधिकारिक रूप से राष्ट्रीय खेल महासंघ के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है।

## हमें अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी, यह बड़े स्कोर वाला मैच होगा: गांगुली



**कोलकाता :** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को अनुमान लगाया कि वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां खेला जाने वाला 'करो या मरो' का सुपर आठ मैच 'बडे स्कोर' वाला होगा और वह चाहते हैं कि घरेलू टीम के बल्लेबाज अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। ईडन गार्डन्स में रविवार को होने वाले इस मैच का विजेता ग्रुप एक से दक्षिण अफ्रीका के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। पिछली बार जब यह टूर्नामेंट भारत में खेला गया था, तब वेस्टइंडीज ने सेमीफाइनल में मेजबान टीम को हराकर खिताब जीता था। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष गंगुली ने मैच पूर्व संध्या पर यहां कहा, ''अतीत में जो हुआ उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने 10 साल पहले 2016 में जीत हासिल की थी। दोनों ही अच्छी टीमें हैं, हर कोई जानता है कि यह करो या मरो का मैच है। दोनों ही टीमें जीत सकती हैं।'' भारतीय क्रिकेट बोर्ड के इस पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''उनके (वेस्टइंडीज) पास कुछ बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। रोमारियो शेफर्ड, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर... वेस्टइंडीज टीम में कई पावर-हिटर हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमें अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी, यह बड़े स्कोर वाला मैच होगा।'' वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल जैसे मैच को उसी पिच पर खेला जाएगा जहां स्कॉटलैंड ने टूर्नामेंट का पहला 200 से अधिक का स्कोर बनाया था। भारत इस टूर्नामेंट में ईडन गार्डन्स में अपना पहला मैच खेलेगा, लेकिन वेस्टइंडीज को इस मामले में थोड़ा फायदा है, क्योंकि वे पहले ही इस मैदान पर ग्रुप लीग के दो मैच खेल चुके हैं और दोनों (स्कॉटलैंड और इटली के खिलाफ) में जीत हासिल की है।

## पीवी सिंधू दुबई में फंसी, उड़ानों का संचालन निलंबित



**नयी दिल्ली :** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू शनिवार को प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए जाते समय दुबई हवाईअड्डे पर फंस गईं क्योंकि मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण उड़ान संचालन निलंबित कर दिया गया। यह टूर्नामेंट अगले मंगलवार से शुरू होना है। सिंधू ने इंस्टाग्राम पर एक भीड़भाड़ वाले हवाईअड्डे का वीडियो साझा करते हुए लिखा, ''सभी उड़ानें अगली सूचना तक निलंबित। '' शनिवार को अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया। इन सैन्य हमलों के कारण खाड़ी क्षेत्र में हवाई क्षेत्र बंद कर दिया गया जिससे कई उड़ानें प्रभावित हुईं जिनमें एमिरेट्स और एयर इंडिया शामिल हैं। दुबई हवाईअड्डे ने भी मिसाइल हमलों के बाद हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण अनिश्चितकाल के लिए सभी परिचालन निलंबित कर दिए हैं।

# व्यापार

# ईरान पर हमले के कारण आपूर्ति प्रभावित होने की आशंकाओं के बीच तेल-तिलहन कीमतों में उछाल

**नयी दिल्ली :** अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद आपूर्ति प्रभावित होने की आशंकाओं के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सभी तेल-तिलहनों में उछाल आया तथा सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूती के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि होली से पहले कामकाज पहले ही सुस्त बना हुआ था और जो होली के लिए लिवाली की जानी थी वह हो चुकी है। उसके बाद आज ईरान पर अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए हमले के बाद आपूर्ति चिंताओं के बढ़ने के बीच बाजार में अफरा तफरी फैल गयी। दाम कम होने की वजह से किसानों की ओर



से आवक घटाने के बाद कच्ची घानी की बड़ी तेल मिलों ने सरसों के दाम 150-150 रुपये क्विंटल बढ़ाये भी हैं। इन सब मिले-जुले कारणें से सरसों सहित अन्य तेल-तिलहनों के दाम में उछाल आया। सूत्रों ने कहा कि हमले के बाद के वैश्विक घटनाक्रम से अब बाजार की चाल निर्धारित होगी। बाजार की आगे की दिशा के बारे में सोमवार को कुछ स्पष्टता होगी। सरकार ने कल देर रात आयात होने वाले खाद्यतेलों के आयात शुल्क मूल्य में वृद्धि की है। इस वृद्धि के तहत कच्चे पामतेल के आयात शुल्क मूल्य में 26 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलीन में 124 रुपये क्विंटल और सोयाबीन डीगम में 15 रुपये क्विंटल की वृद्धि की गई है। तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे: सरसों तिलहन - 6,475-6,500 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली - 7,000-7,475 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 17,100 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,690-2,990 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी- 13,450 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी- 2,285-2,385 रुपये प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी- 2,285-2,430 रुपये प्रति टिन। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 14,450 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 14,150 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 11,300 रुपये प्रति क्विंटल। सीपीओ एक्स-कांडला- 11,775 रुपये प्रति क्विंटल। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 13,100 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 13,600 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन एक्स- कांडला- 12,450 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल। सोयाबीन दाना - 5,350-5,400 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन लूज- 4,950-5,000 रुपये प्रति क्विंटल।

## पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच डीजीसीए ने एयरलाइंस को 11 हवाई क्षेत्रों से बचने की सलाह दी

**नयी दिल्ली :** विमानन नियामक डीजीसीए ने शनिवार को एयरलाइंस को ईरान, सऊदी अरब और यूएई सहित 11 देशों के हवाई क्षेत्रों का उपयोग दो मार्च तक न करने की सलाह दी है। इन देशों में ईरान, इजराइल, लेबनान, यूएई, सऊदी अरब, बहरीन, ओमान, इराक, जॉर्डन, कुवैत और कतर शामिल हैं। इजराइल और अमेरिका ने शनिवार को ईरान पर हमला किया, जिसके बाद कई हवाई क्षेत्र पहले से ही बंद हैं। भारतीय एयरलाइंस ने पश्चिम एशिया के लिए अपनी सेवाएं स्थगित कर दी हैं। नियामक ने कहा कि यह परामर्श अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों और यूरोपीय संघ विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) के संघर्ष क्षेत्र सूचना बुलेटिन (सीजेडआईबी) के अनुरूप जारी किया गया है। वॉचडॉग ने एयरलाइंस से सभी उड़ान स्तरों और ऊंचाई पर इन 11 प्रभावित हवाई क्षेत्रों के भीतर परिचालन से बचने को कहा है।

## फिनो पेमेंट्स बैंक ने अवैध धन की हेराफेरी के लिए मुखौटा कंपनियों का उपयोग किया

**नयी दिल्ली :** जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) फिनो पेमेंट्स बैंक की जीएसटी चोरी की जांच कर रहा है। कंपनी पर देश में प्रतिबंधित ऑनलाइन मनी गेमिंग से अर्जित अवैध धन की हेराफेरी करने के लिए फर्जी कंपनियों और भुगतान मंच का इस्तेमाल करने का संदेह है। सूत्रों ने शनिवार को यह बताया। उन्होंने कहा, ''अब तक की जांच में धोखाधड़ी में बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी के शामिल होने की बात सामने आई है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।'' फिनो पेमेंट्स बैंक ने शुक्रवार को कहा था कि जीएसटी अधिकारियों ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित कानून का उल्लंघन करने के आरोप में बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ऋषि गुप्ता को गिरफ्तार किया है।

# शनाका के 76 रन, पाकिस्तान टी20 विश्व कप से बाहर, न्यूजीलैंड ने क्वालीफाई किया



**पाल्लेकल :** कप्तान दासुन शनाका की नाबाद 76 रन की तूफानी पारी श्रीलंका को पांच रन की करीबी हार से नहीं बचा सकी, लेकिन इस परिणाम के साथ पाकिस्तान टी20 विश्व कप से बाहर हो गया। न्यूजीलैंड ने ग्रुप दो से इंग्लैंड के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली। 212 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका को आखिरी ओवर में 24 रन चाहिए थे। शनाका ने शाहीन शाह अफरीदी की गेंदों पर लगातार तीन छक्के और एक चौका जड़कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया। अंतिम गेंद पर छह रन की जरूरत थी, लेकिन शनाका ने उसे वाइड समझकर छोड़ दिया और अंपायर ने वाइड नहीं दिया। श्रीलंका सात विकेट पर 206 रन ही बना सका। शनाका ने 31 गेंद में आठ छक्के और दो चौकों की मदद से नाबाद 76 रन बनाए। पवन रत्नायके ने 58 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं कर सके। अबरार अहमद ने चार ओवर में 23 रन देकर तीन विकेट झटके। इससे पहले पाकिस्तान ने साहिबजादा फरहान (100) और फखर जमां (84) की 176 रन की रिकॉर्ड साझेदारी के दम पर आठ विकेट पर 212 रन बनाए। फरहान ने 60 गेंद में नौ चौके और पांच छक्के लगाए। हालांकि आखिरी चार ओवर में पाकिस्तान ने 36 रन पर आठ विकेट गंवा दिए। पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए श्रीलंका को बड़े अंतर से हराना था ताकि वह न्यूजीलैंड से बेहतर नेट रन रेट हासिल कर सके, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इंग्लैंड सुपर आठ के अपने तीनों मैच जीतकर ग्रुप में शीर्ष पर रहा, जबकि न्यूजीलैंड दूसरी टीम के रूप में अंतिम चार में पहुंचा।

## आंध्र प्रदेश दुर्लभ पृथ्वी खनन के लिए अपनी तटरेखा खोलेगा, चीन से आयात में कटौती पर नजर

**अमरावती :** आंध्र प्रदेश अपनी खनिज समृद्ध तटरेखा को बड़े पैमाने पर दुर्लभ पृथ्वी और टाइटेनियम युक्त तटीय रेत खनन के लिए खोलने की योजना बना रहा है। यह एक रणनीतिक कदम है जिसका उद्देश्य चीन से आयात पर भारत की निर्भरता को कम करना और महत्वपूर्ण खनिजों के लिए एक घरेलू मूल्य श्रृंखला बनाना है। सार्वजनिक क्षेत्र के आंध्र प्रदेश खनिज विकास निगम (एपीएमडीसी) ने तटीय जिलों में कई भारी खनिज युक्त भंडारों की पहचान की है, जो राज्य को टाइटेनियम डाइऑक्साइड, टाइटेनियम धातु और दुर्लभ पृथ्वी प्रसंस्करण के लिए एक संभावित केंद्र के रूप में स्थापित करता है। एपीएमडीसी ने बताया कि राज्य में भारत के तटीय रेत खनिज संसाधनों का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा है, जो देश में दूसरा सबसे बड़ा है। इसमें इल्मेनाइट, रूटाइल, जिरकॉन और मोनाजाइट के महत्वपूर्ण भंडार हैं। मोनाजाइट दुर्लभ पृथ्वी तत्वों का एक प्रमुख स्रोत है, जिसका उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों, पवन टर्बाइन, इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा प्रणालियों के लिए चुम्बकों में किया जाता है। तटीय रेत खनिज पेंट और एयरोस्पेस से लेकर परमाणु ऊर्जा और इलेक्ट्रिक गतिशीलता जैसे उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण कच्चा माल हैं। यह कदम महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं में चीन के प्रभुत्व को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आया है। चीन वैश्विक टाइटेनियम खनिज उत्पादन के आधे से अधिक और 90 प्रतिशत से अधिक दुर्लभ पृथ्वी प्रसंस्करण क्षमता को नियंत्रित करता है।

## घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या जनवरी में 4.36 प्रतिशत बढ़कर 152.49 लाख हुई



**मुंबई :** देश के भीतर हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या जनवरी 2026 में वार्षिक आधार पर 4.36 प्रतिशत बढ़कर 152.49 लाख रही, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। शुक्रवार देर शाम जारी आंकड़ों के अनुसार, इंडिगो, एयर इंडिया समूह, स्पाइसजेट और अकासा एयर सहित प्रमुख घरेलू विमानन कंपनियों ने जनवरी 2025 में कुल 146.11 लाख यात्रियों को सेवाएं दी थीं। दिसंबर में पायलटों के विश्राम और ड्यूटी अवधि के कड़े नियमों के कारण परिचालन संबंधी बाधाओं का सामना करने वाली इंडिगो ने अपनी बाजार हिस्सेदारी फिर से हासिल कर ली है। कंपनी 63.6 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी और 97.04 लाख यात्रियों के साथ शीर्ष पर रही। इसके विपरीत, एयर इंडिया समूह की बाजार हिस्सेदारी पिछले महीने की तुलना में लगभग तीन प्रतिशत घटकर 26.5 प्रतिशत (40.34 लाख यात्री) रह गई। विमान में सीटों के भरने की दर (पीएलएफ) के मामले में अकासा एयर 93.2 प्रतिशत के साथ सबसे आगे रही, जबकि इंडिगो 87.7 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रही। पीएलएफ यह मापता है कि विमान की कुल क्षमता का कितना उपयोग किया गया है। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2026 में घरेलू उड़ानों के रद्द होने की कुल दर 1.44 प्रतिशत रही। वहीं, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे छह प्रमुख महानगरीय हवाई अड्डों से समय पर परिचालन के मामले में इंडिगो 70.9 प्रतिशत के साथ सबसे बेहतर रही।

वर्ष 10, पूर्णांक 3518 अंक 328 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in